Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 358 जयपुर, रविवार, 02 जून 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8x10 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

	आईएनएच- हरिभूमि सी-वोटर	इंडिया टुडे माय एक्सिस	आर टीवी पीएमएआरक्यू	आर टीवी मैट्रिज	एनडीटीवी जन की बात	इंडिया न्यूज डी डायनामिक्स	न्यूज नेशन	इंडिया टीवी सीएनएक्स	एबीपी सी-वोटर	टाइम्स नाउ ईटीजी	न्यूज-24 टुडेज चाणक्य
एनडीए+	353-383	361-401	359	353-368	365	371	342-378	371-401	353-383	358	400
इंडिया+	152-182	131-166	154	118-133	142	125	153-169	109-139	152-182	132	107
अन्य	04-12	08-20	30	43-48	36	47	21-23	28-38	04-12	53	36

देश भर के मीडिया समूहों का एग्जिट पोल आया...इसमें रुझानों का यह 'साफ अनुमान'...एनडीए को मिली बंपर सीटें

आएंगे तो 'मोदी'...इंडी गठबंधन को नहीं मिलेगी सत्ता की 'गोदी'

4 जून को आएंगे फाइनल नतीजे

देश के सभी मीडिया समूहों के साथ 'आईएनएच व हरिभूमि' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ महा-एग्जिट पोल पेश किया। इसमें जो रुझान सामने आया है, उसमें एनडीए को 353 से 383 सीटों का रुझान दिखा। इंडी गठबंधन को 152 से 182 सीटें मिलती दिख रही हैं। अन्य को 4 से 12 सीटें मिलती दिखीं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली,

लोकसभा चुनाव 2024 के सातों चरण के मतदान संप- न हो गए। 543 लोकसभा सीटों के परिणाम ईवीएम में कैद हो गए हैं। अब लोगों को बेसब्री से इस बात का इंतजार है कि देश में अगली सरकार किसकी बनने जा रही है? क या देश में तीसरी बार 'मोदी सरकार' आने वाली है या फिर कुछ उलटफेर होगा? विपक्षी गठबंधन 'इंडिया'गठबंधन भी इस बार जीत का दावा कर रहा है।

देश में अगली सरकार किसकी बनेगी, ये तो 4 जून को ही पता चल पाएगा, लेकिन उससे पहले शनिवार को एग्जिट पोल के रुझान सामने आ गए हैं। सभी चैनलों के एग्जिट के मुताबिक फिर से मोदी सरकार आ रही है, लेकिन एनडीए 400 पार जाती नहीं दिख रही है। देश के सभी मीडिया समूहों के साथ 'आईएनएच व हरिभूमि' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ महा-एग्जिट पोल पेश किया। इसमें जो रुझान सामने आया है, उसमें एनडीए को 353 से 383 सीटों का रुझान दिखा। इंडी गठबंधन को 152 से 182 सीटें मिलती दिख रही हैं। अन्य को 4 से 12 सीटें। यानी, साफ है कि एनडीए यानी मोदी सरकार तीसरी बार भी पूर्ण बहुमत के साथ आ रही है। पर एनडीए 400 पार के लक्ष्य से इन में दूर दिख रहा है।

इन रुझानों पर किसने- क्या कहा?

खरगे बोले- ये फर्जी एग्जिट पोल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने फर्जी करार दिया है। उन्होंने कहा कि ये भाजपा के फर्जी एग्जिट पोल हैं। ये लड़ाई जनता के मुद्दों पर है। लोकतंत्र व संविधान को सुरक्षित रखने का संघर्ष है।

लेकिन, ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए 400 के आंकड़े के अंदर ही

तीन अनुमानों में दो में 401 सीटें तो दूसरे में 400 सीटों का रुझान

2019 में भाजपा ने मारी थी बाजी

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया था। तब भाजपा ने 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं, कांग्रेस की झोली में सिर्फ 52 सीटें ही आई थी। वायआरएससीपी और डीएमके को 23-23, तृणमूल कांग्रेस के खाते में 22 और शिवसेना को 18 सीटें आई थीं। वहीं जेडीयू को 16 सीटें, समाजवादी पार्टी को 5 सीटें और बीएसपी को 10 सीटें हासिल हुई थीं।

प्रशांत किशोर : भाजपा को मिलेंगी 303 सीटें

इलेक्शन स्ट्रैटजिस्ट प्रशांत किशोर ने चुनाव नतीजों से पहले पार्टियों को मिल रही सीटों का अनुमान जारी किया है। प्रशांत के मुताबिक भाजपा 303 या इससे ज्यादा सीटें जीत सकती है। प्रशांत किशोर का कहना है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन पिछली बार (2019) की तुलना में बेहतर रहेगा। पार्टी को पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में पर्याप्त समर्थन मिला है। भाजपा ने तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु में अपना आधार बढ़ाया है।



रुझान आनंददायी... 'फिर एक बार मोदी सरकार': डॉ. यादव

लोकसभा चुनाव 2024 के शनिवार को आए एक्जिट पोल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा अभियान चला था 'फिर एक बार मोदी सरकार'। अभी तक के जो रुझान आ रहे हैं, वो अपने आप में अत्यंत आनंददायी हैं। यद्यपि, एक बार रिजल्ट आने के बाद जो आनंद आता है, उसकी अलग बात रहती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभी रुझान आया है, चार तारीख को रिजल्ट भी आएगा। रुझान में मध्यप्रदेश की सभी 29 सीटें आ रही हैं। साथ ही देशभर में एनडीए की सीटें 370 से ऊपर जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो कहा था, वो करके दिखा रहे हैं। मैं देशवासियों-प्रदेशवासियों का आभार मानता हूं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश फिर आगे बढ़ेगा। मेरी अपनी ओर से बधाई।

एनडीटीवी : एनडीए को 358 सीटें मिलने का अनुमान

एनडीए को ओवरऑल 358 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस की लीडरशिप वाले इंडी अलायंस को 148 सीटों का अनुमान है। जबकि अन्य को 37 सीटें मिलती दिख रही हैं।

रिपब्लिक-पीएमएआरक्यू मैट्रिज : भाजपा प्लस को 359 सीटें
भाजपा प्लस को 359 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। जबकि इंडी अलायंस के लिए 154 सीटों का अनुमान जताया गया है।

एसएएम-जन की बात : एनडीए को 377 सीटें। इंडी अलायंस को 151 सीटें मिलती दिख रही हैं।

इंडिया न्यूज-डी डायनामिक्स: एनडीए को 371 सीटें
एनडीए को 371 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। इंडी अलायंस को 125 सीटें मिलने का अनुमान है।

इंडिया न्यूज-पोलस्ट्रेट : एनडीए को 371 सीटें

एनडीए को 371 सीटें मिलती दिख रही हैं। जबकि इंडी गठबंधन को 125 सीटें मिलती दिख रही हैं। अन्य को 47 सीटें मिल सकती हैं।

कांग्रेस : गठबंधन को 295 से अधिक सीटें आएंगी

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि हमारी 295 से अधिक सीटें आएंगी, भाजपा को 220 तथा एनडीए को कुल मिलकार 235 सीटें मिलेंगी। ये विश्वास हमें हिंदुस्तान की जनता दे रही है।

एग्जिट पोल से भी बेहतर आएंगे भाजपा के पक्ष में परिणाम, छिंदवाड़ा से नकुल-कमलनाथ की विदाई तय : शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने लोकसभा चुनाव के शनिवार को आए एग्जिट पोल पर कहा कि 4 जून के चुनाव परिणाम की झलक एग्जिट पोल में दिख रही है। एग्जिट पोल से भी बेहतर आएंगे भाजपा के एग्जैक्ट

पोल। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डाऔर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और डबल इंजन की भाजपा सरकार के कार्यों के आधार पर हमें पूरा भरोसा है कि भाजपा प्रदेश की 29 सीटों पर प्रचंड विजय हासिल करेगी। मध्यप्रदेश सहित देशभर की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट किया है। भाजपा इस चुनाव में 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाने के लक्ष्य को भी पूरा करने जा रही है।

4 जून के बाद जनता कहेगी-एक थी कांग्रेस: प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता, विकसित भारत के संकल्प के साथ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग कल्याण के कार्य किए हैं, जिसका सुखद परिणाम 4 जून को आने वाला है।

पटना में बीजेपी कैंडिडेट रामकृपाल यादव पर फायरिंग

कार्यकर्ताओं से मिलने गए थे, एक समर्थक घायल, हमलावर मौके से फरार

संजीवनी टुडे

पटना। पटना की पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी रामकृपाल यादव पर शनिवार 1 जून को फायरिंग की गई। जानकारी के मुताबिक, मसौढ़ी से लौटने के दौरान अज्ञात अपराधियों ने उन पर गोली चलाई। हालांकि, रामकृपाल इस हमले में बाल-बाल बच गए। उनके साथ कार में सवार एक समर्थक को चोट आई है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। रामकृपाल यादव ने बताया कि मुझे बूथ पर अवैध तरीके से एक महिला विधायक के घुसने की सूचना मिली थी। उसी का निरीक्षण कर लौट रहा था। इसी दौरान तिनेरी गांव में समर्थकों से मिलने गया था। अचानक पिंजड़ी गांव के बाहरी इलाके में ही 20 से 25 लोगों ने घेरकर हमला कर दिया। ईंट-पत्थर के अलावा फायरिंग भी की गई। गांव के एक समर्थक ने मुझे बचाने की कोशिश की। उसे बंदूक के बट से पीटा गया। मैं हमलावरों को नहीं जानता हूं। आज हमारे दो कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ है। मसौढ़ी एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया कि सांसद अपने कुछ समर्थकों के साथ तिनेरी गांव गए थे। चुनाव संपन्न होने के बाद अचानक उन पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया गया, जिसमें वो बाल बाल बच गए। लेकिन, उनके साथ चल रहे दो व्यक्ति घायल हो गए।

हमलावरों की पहचान की जा रही है- पटना पूर्वी एसपी

वहीं, पटना पूर्वी एसपी भरत सोनी ने बताया कि पटना-जहानाबाद रोड पर तिनेरी गांव के पास रामकृपाल यादव के काफिले पर हमले की सूचना मिली थी। कार्यकर्ता चोटिल हुए हैं। रामकृपाल यादव की ओर से आवेदन दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, वो आपसे शेयर करूंगा। इस मामले में जो भी आरोपी है, उसकी पहचान की जा रही है। सख्त कार्रवाई की जाएगी। घायलों को इलाज के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

एफआईआर में 9 लोगों का नाम

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि आवेदन में उल्लेख है कि उनके काफिले पर हमला किया गया। इस दौरान गोली चलाई गई है। आवेदन के आधार पर एफआईआर किया गया गया है। बाकी सारे बिंदु अनुसंधान के क्रम में स्पष्ट किए जाएंगे। एफआईआर में 9 प्राथमिकी अभियुक्तों का उल्लेख है। घटना 7:30 के बाद की है। उसके पूर्व 6 बजे ही मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो चुका था। ईवीएम भी सुरक्षित रूप से वहां से जा चुका था। उन्होंने बताया कि गाड़ी के पीछे बाइस से आ रहे हैं समर्थकों पर भी ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इसमें दो युवक घायल हुए हैं। सांसद रामकृपाल यादव सुरक्षित हैं। पटना के गौरिया मठ स्थित अपने घर सुरक्षित पहुंच गए हैं। रणधीर कुमार ने बताया कि घटना के बाद सांसद की ओर से मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत की गई है।

केजरीवाल को 2 जून को जेल जाना होगा

जमानत याचिका पर 5 जून को फैसला; क्कने कहा- उन्होंने सेहत को लेकर झूठा दावा किया

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को 2 जून को जेल जाना ही होगा। राऊज एवेन्यु कोर्ट ने 1 जून को मेडिकल ग्राउंड पर जमानत याचिका पर सुनवाई की। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने फैसला 5 जून तक के लिए सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल ने 7 दिन की जमानत मांगी थी, ताकि वे अपने मेडिकल टेस्ट करवा सकें। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (क्क) ने कोर्ट में उनकी अपील का विरोध किया। केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी, जो 1 जून को खत्म हो रही है। 2 जून को उन्हें सरेंडर करना होगा। ईडी ने कोर्ट में दावा किया कि केजरीवाल ने तथ्यों को दबाया है और अपनी सेहत को लेकर झूठे बयान दिए हैं। उनका वजन 1 किलो बढ़ गया है, लेकिन वे झूठा दावा कर रहे हैं कि उनका वजन 7 किलो कम हो गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि केजरीवाल ने 31 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भ्रामक दावा भी किया कि वह 2 जून को सरेंडर करने जा रहे हैं। हालांकि कोर्ट में केजरीवाल के वकील ने कहा कि वे बीमार हैं और उन्हें इलाज की जरूरत है। हालांकि कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला 5 जून तक सुरक्षित रख लिया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने एक स्पीकिंग ऑर्डर पारित किया, लेकिन केजरीवाल ने उस ऑर्डर को दबा दिया। इसके पीछे का यह है कि वे चुनाव प्रचार के उद्देश्य से यात्रा कर रहे थे, लेकिन उन्होंने तब मेडिकल टेस्ट नहीं करवाए। ईडी ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि हमें अंतरिम जमानत दाखिल करने पर भी आपत्ति है। ये कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के आदेश को बदल नहीं सकती। वे अंतरिम जमानत पर हैं क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत दी है। मेडिकल टेस्ट करवाने के बजाय, वे यात्रा कर रहे थे। जबकि मेडिकल टेस्ट में एक घंटे से ज्यादा समय नहीं लगेगा।

सलमान की कार पर हमले का प्लान, 4 अरेस्ट

पाकिस्तान से एके-47 मंगवा रहे थे, नाबालिग से अटैक करवाते, श्रीलंका में जाकर छुपते

संजीवनी टुडे

नवी मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान पर एक बार फिर से हमला करने की कोशिश को मुंबई पुलिस ने नाकाम कर दिया है। नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है जो पनवेल में सलमान की कार पर अटैक करने की प्लानिंग कर रहे थे। आरोपियों की पहचान धनंजय उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ न्हाई, वासपी खान उर्फ वसीम चिकना और जीशान खान उर्फ जावेद खान के तौर पर हुई है। चारों के खिलाफ आईपीसी की धारा 115, 120 (उ), 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई, अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बराड़ समेत कुल 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सलमान इस वक्त यूरोप में हैं। वे वहां अनंत-राधिका की सेकेंड प्री वेडिंग सेरेमनी अटैंड करने पहुंचे हैं। शनिवार दोपहर पुलिस ने इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए नई जानकारी दी। पनवेल जोन 2 के डीसीपी विवेक पनसारे ने कहा- 'सलमान खान की हत्या की प्लानिंग को लेकर हमे कुछ इन्फॉर्मेशन मिली था। काफी जानकारी निकालने के बाद हम लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े हुए सोशल मीडिया ग्रुप में एड हुए और ग्रुप में जुड़ने के बाद वहां से जानकारी इक्टठा करते गए।

सलमान पर जिगाना पिस्टल से अटैक करने का था प्लान

इस मामले पर पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग सलमान को टर्की मेड जिगाना पिस्टल से मारने का प्लान बना रहे थे। इसी पिस्टल से पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला का भी मर्डर किया गया था। पुलिस के मुताबिक चारों आरोपी अटैक करने के लिए पाकिस्तान से सप्लायर के जरिए भी हथियार मंगवाने की योजना बना रहे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावर एके-47, एम-16 और एके-92 मंगवाने की कोशिश कर रहे थे। इन्होंने एक्टर के फार्म हाउस और कई शूटिंग स्पॉट्स समेत गोरेगांव फिल्म सिटी की भी रेकी की थी। पुलिस को इनके मोबाइल से ऐसे कई विडियोज भी बरामद हुए हैं। कई फोन और सिमकार्ड भी बरामद किए गए हैं। इन चारों ने सलमान के घर और फार्महाउस की रेकी की थी। इनमें से अजय कश्यप ने पाकिस्तान में रहने वाले डोगर नाम के शख्स से वीडियो कॉल के जरिए संपर्क किया था। वो सलमान पर अटैक करने के लिए वहां से इख-47 मंगवाने वाले थे। गिरफ्तार हुए ये आरोपी सलमान खान की हत्या की साजिश रच रहे थे और इसे लेकर पुलिस के पास पुख्ता सबूत है।

खबरें फटाफट

विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून को संगोष्ठी का होगा आयोजन

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। राजगढ़ वेलफ़ेयर सोसायटी के तत्वावधान में 5 जून को सुबह 7.15 पर पंचायती पुस्तकालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राजगढ़ में वन क्षेत्रों का विकास विषय पर संगोष्ठी कर मनाया जाएगा। राजगढ़ वेलफ़ेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी की राजगढ़ वेलफ़ेयर सोसायटी संयोजक है। वहीं पंचायती पुस्तकालय, लायंस क्लब, भारत विकास परिषद, पेंशनर समाज, महिला समिति एवं नंदी गौशाला के सहसंयोजक में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में राजगढ़ में वन क्षेत्रों के विकास, जनसहयोग, प्रबंधन, वृक्षारोपण, जागरूकता आदि के बारे में गहन विचार विमर्श किया जाएगा।

वरिष्ठ भाजपा नेता ओम आचार्य के निधन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने संवेदना व्यक्त की, कल भाजपा कार्यालय में होगी श्रद्धांजलि सभा

■ संजीवनी टुडे

बीकानेर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संस्थापक सदस्य ओम आचार्य के अक्समिक निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश माथुर, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, कैलाश चौधरी, राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवारजनों से बात कर कहा इस दुख की घड़ी में परमात्मा दुख सहने की शक्ति प्रदान करे भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में कल रविवार को सांय 5:30 बजे स्वर्गीय ओम आचार्य के निधन पर श्रद्धांजलि सभा रखी गई है।

स्नातक पार्ट प्रथम के द्वितीय सैमेस्टर के मिड टर्म टैस्ट का आयोजन

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.ए., बी.एससी एवं बी. कॉम प्रथम वर्ष के नियमित विद्यार्थियों के द्वितीय सेमेस्टर मिड टर्म टेस्ट 03 जून से 08 जून 2024 तक आयोजित होगी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. के.एल. मीना ने बताया कि सभी विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका (लगभग 3-4 पेज) अपने साथ में लेकर आये। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में प्राप्त अंको को विश्वविद्यालय को भेजा जायेगा, जिन्हे मुख्य परीक्षा के साथ जोडकर अंकतालिका में अंकित किया जायेगा। परीक्षा में अनुपस्थित होने वाले विद्यार्थयों को मत्स्य विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल नही किया जायेगा। जिसके लिए विद्यार्थी स्वय जिम्मेदार होगे। इसलिए सभी नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में उपस्थिति अनिवार्य है।

आराध्या गोठवाल ने प्राप्त किये 93.67 प्रतिशत मार्क्स, डॉक्टर बन करना चाहती है मानव सेवा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। हाल ही में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के घोषित परिणामों मे जयपुर निवासी आराध्या गोठवाल ने दसवी बोर्ड परीक्षा में 93.67 प्रतिशत

मार्क्स प्राप्त कर परिवार व समाज का नाम रोशन किया है। मुरलीपुरा स्थित बीकन सीनियर सैकण्डरी स्कूल की छात्रा आराध्या ने बताया कि वह आगे डॉक्टर की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहती है व समाज सेवा में अपना योगदान देना चाहती है। आराध्या ने इस सफलता के पीछे शिक्षक माता - पिता व गुरुजनो के साथ नियमित व संयमित अध्ययन का हाथ बताया है। आराध्या के बेहतर परिणाम पर स्कूल प्रबंधन व परिवार जनों के साथ अन्य लोगों ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की है। गौरतलब है कि आराध्या की माता सुमन तोबड़िया राजकीय विधालय मे प्रधानाचार्य है तो वही पिता भवानी शंकर भी राजकीय विद्यालय में वरिष्ठ अध्यापक के पद पर कार्यरत है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हो रहे नवाचार

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा आगामी 5 जून को आयोजित होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए एवं प्रदूषण मुक्त राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के लिए जहां एक ओर सात दिवसीय हितधारक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है वहीं महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति एवं सस्टेनेबल परिवहन के प्रति जागरूक करने के लिए महिलाओं पर केंद्रित 3 जून को ''विमेंस साइक्लोथॉन'' का आयोजन किया जा रहा है. इस अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मंडल द्वारा किये जा नवाचारों की अधिक जानकारी देते हुए राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव विजय एन ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 जून विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सुबह 5 :30 बजे होटल क्लार्क आमेर से होते हुए गिरधर मार्ग, अपैक्स सर्किल जायेगी।

भाजपा के ताबूत में 400 पार के नारे से ठुकेगी अंतिम कील: नेता प्रतिपक्ष जूली

■ संजीवनी टुडे

अलवर। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली बोले भारतीय जनता पार्टी ने अबकी बार 400 पार का जो नारा दिया है यही नारा उनके ताबूत में अंतिम कील ठोकेगा। जूली बोले संविधान को मिटाने की सोच रखने तथा आरक्षण के विरोधी भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से लेकर उनके सभी नुमाइंदों की इस लोकसभा चुनाव में जनता ने पतंग काट दी है। जूली हरियाणा और पंजाब में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों के प्रचार के बाद आज अलवर कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। जूली ने कहा कि आज अंतिम चरण का चुनाव संपन्न हो गया है महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त देश के आवाम ने सात चरणों के हुए इन चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में वोटिंग कर भाजपा नेताओं की नींद उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि आगामी 4 जून को यानी 72 घंटे बाद देश में इंडिया गठबंधन की सरकार का उदय होगा। उन्होंने कहा कि इस बार न केवल कांग्रेस की सीट ज्यादा आने

वाली है बल्कि भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े चेहरे लोकसभा चुनाव में पराजित होंगे।

जूली धार्मिक कार्यक्रम में हुए शामिल, वाटर कूलर का किया उद्घाटन

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव रतनगढ़ पाला में पहुंचकर चावंड माता मेले में शामिल होकर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। जूली ने गांव बिलंदी में स्व. मूलचंद की प्रतिमा का अनावरण तथा वाटर कूलर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जूली ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की धरोहर है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन निश्चित तौर पर भावी पीढ़ी के दिलों में हमारी संस्कृति को जिंदा रखने में अहम साबित होंगे। इस दौरान ग्रामीणों ने जूली का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में ग्रामीण व युवाओं में टीकाराम जूली से मिलने की होड़ लगी रही।

ग्रामीण विधायक जूली ने की जनसुनवाई

अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने शनिवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के राज में बिजली- पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों ने जूली को अपनी पीड़ा सुनाई, उन्होंने शीघ्र ही समस्याओं के समाधान की बात कही। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर,पुनखर सरपंच भगवती मीना ,सुरेश मीना, हजारीलाल मीना , पूर्व सरपंच करण सिंह चौधरी ,पप्पू राम, लालाराम सैनी, चुन्नी लाल सैनी,कन्हैयालाल सैनी रमेश सैनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

शिक्षा दान महोत्सव 7 को, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने किया पोस्टर का विमोचन

■ संजीवनी टुडे

जयपुर । ज़रूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा 7 जुलाई को शिक्षा दान महोत्सव का आयोजन प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के निर्मला ऑडिटोरियम में किया जाएगा । संस्था गतिविधियों व महोत्सव की विस्तृत जानकारी संस्था पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा मिलकर देते हुए पोस्टर का विमोचन करवाया । शिक्षा दान महोत्सव में संस्था द्वारा चयनित 155 जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा सहयोग के तहत फ़ीस के चैक व शिक्षण सामग्री भेंट की जायेगी तथा संस्था द्वारा नियुक्त 45 एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर्स/ एज्युकेशनल एम्बेसेडर्स / एज्युकेशनल एसोशिएट्स को सम्मानित किया जायेगा । उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा महोत्सव में मुख्य अतिथि होंगे । इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी. एल. वर्मा, उपाध्यक्ष हीरा लाल बैरवा, विशिष्ट सदस्य रमेश कुमार बैरवा उपस्थित रहे।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परिणाम में चमके मां सरस्वती सैकण्डरी स्कूल के सितारे

■ संजीवनी टुडे

कोठी नारायणपुर (राजगढ़)। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में कोठी नारायणपुर स्थित मां सरस्वती सैकण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक रिजल्ट देकर विद्यालय का व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय की अंजली जांगिड ने 95.87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गांव व विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की दिव्या जांगिड ने 93.17 प्रतिशत, गीता मीना ने 90.50 प्रतिशत, गौरव मीना ने 83.17 प्रतिशत, मानवी शर्मा ने 82.50 प्रतिशत, सीमा मीना ने 81 प्रतिशत, सचिन मीना ने 78.33 प्रतिशत, नैन्सी शर्मा ने 76.33 प्रतिशत, रितिक मीना ने 75 प्रतिशत तथा दिपक मीना ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय का कक्षा आठवीं बोर्ड तथा पांचवीं बोर्ड का परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है। इस दौरान विद्यालय के संस्थाप्रधान व स्टाफ द्वारा बच्चों व अभिभावकों को बधाई देकर उनको मिठाई खिलाई गई। बच्चों ने सर्वेश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पर विद्यालय स्टाफ का आभार जताया।

श्री सादबाबा खेड़ी प्रीमियर लीग रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य व सफल समापन

■ संजीवनी टुडे

टोडाभीम। श्री सादबाबा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता-2024 का फाइनल मैच गौरपहाड़ी वर्सेस खवारावजी के बीच खेला गया।आयोजन कमेटी के सदस्य कुलदीप खेड़ी ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 15-15 ओवर का खेला गया।फाइनल मैच में गौरपहाड़ी क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए गौर पहाड़ी क्रिकेट टीम 14.2 ओवर में 87 रनों पर सिमट गई,जिसके जवाब में खवारावजी टीम ने 14.2 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस दौरान फाइनल समापन समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामचरण मीना रहे।मुख्य अतिथि रामचरण मीना ने प्रतियोगिता की विजेता टीम खवारावजी को 1लाख हजार रूपए की पुरस्कार राशि व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर स्थानीय सरपंच लखनलाल खेड़ी व पूर्व सरपंच नेतराम खेड़ी,व्याख्याता डॉ राजकुमार पीटर, मुकेश इक्का टोडाभीम,अजीजपुर सरपंच दीपक प्रधान तथा सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश मीना के अलावा हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। फाइनल मैच के कॉमेंटेटर राहुल नांगल,शिक्षक पीकेसर टोडाभीम,आजाद मीना व सहायक कृषि अधिकारी पिंटू मीना पहाड़ी रहे। समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन टोडाभीम क्षेत्र के वरिष्ठ वक्ता मनीराम खेड़ी ने किया।आयोजन कमेटी के सदस्यों कुलदीप खेड़ी पुखराज जोरवाल साका खेड़ी जनकराज खेड़ी व उत्तम खेड़ी ने बाहर से पधारे हुए सभी अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत-सम्मान कर आभार व्यक्त किया।

बेजुबान परिंदों के लिए लगाए परिंडे

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़। हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड राजस्थान जिला मुख्यालय अलवर के तत्वाधान मे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाना राजाजी राजगढ़ मे अभिरूचि व कौशल विकास शिविर चल रहा है। इस शिविर मे मेहंदी, सिलाई, पेंटिंग, ब्यूटीशियन, नृत्य आदि कोर्स कराये जा रहे है। इस शिविर मे भीषण गर्मी को देखते हुए बेज़ुबान पछियों के लिए पानी की व्यवस्था की गयी। विद्यालय एवं उसके आसपास 11 परिंडे लगाए गये। परिंडा अभियान की शुरुआत जिला सचिव संगीता गौड़, जिला प्रभारी सौरभ वर्मा, कमिश्नर अमित मीना उपाध्यक्ष कृष्णा अवतार, ब्लॉक सचिव बाबूलाल बैरवा, विश्राम सैन ,छोटे लाल गुरूजी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। जिला सचिव संगीता गौड़ ने बताया की पंछियो को गर्मी से बचाना उनको अभयदान देने जैसा है। पंछियो के लिए परिंडे लगाना एवं रोज उनमे पानी भरना सेवा का काम है। इस गर्मी मे हमें अपने अपने घर की छत पर इन बेज़ुबान पंछियो के लिए देना पानी की व्यवस्था रखनी चाहिए। जिला प्रभारी सौरभ वर्मा ने बताया की पशु पछियों की सेवा करना हमरी संस्कृति एवं धर्म है। इनको दाना पानी डाल कर हम सब को पुण्य कमाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने संकल्प लिया की सब अपने अपने घर एवं आसपास मे परिंडे लगाने का काम करेंगे।

मस्ती की पाठशाला समर कैम्प का शुभारम्भ, झूम उठे बच्चे

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर जयपुर सांगानेर जोन द्वारा 1 जून से 21 जून तक प्रातः 7- 9 बजे तक चलने वाली फ्री हॉबी क्लास के रूप में ल्लमस्ती की पाठशाला-समर कैम्पङ्क का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन क़रीब 400 से अधिक बच्चे शामिल हुए। 21 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 05 वर्ष -18 वर्ष तक के बच्चों को खेल-खेल में सिखाने एवं मनोरंजन हेतु गतिविधियाँ जैसे गुड हैबिट - बेड हैबिट,गुड टच - बेड टच, दैनिक विज्ञान, वेस्ट टू बेस्ट,गीत-संगीत एवं नृत्य क्लास,जादूगरी के टिप्स, विश्व पर्यावरण दिवस के दिन पेड, पानी, पर्यावरण, पृथ्वी, पशु पक्षी एवं प्रकृति की जानकारी एवं पौधा वितरण, परिवार एवं समाज का महत्व,जीवन जीने की कला, स्वच्छता का महत्व इत्यादि गतिविधियां आयोजित की गई। कैम्प के दौरान राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त हैंडीक्राफ़्ट कलाकार अवधेश पाण्डे, संस्कृतविद् डॉ देवी प्रसाद ,गायक कलाकार अनिल एवं काजल, सेल्फ डिफेंस ट्रेनर इतिक्षा, जादूगर नंदकिशोर एवं वंदना मालपुरी, एनजीओ घ्टटक्इंडिया ट्रस्ट टीम के आनंद कुमार, हेल्थ टिप्प विशेषज्ञ डॉ वंदना राकेश तथा योग गुरु एवं स्प्राउट सोसाइटी के अंकित शर्मा इत्यादि शामिल हुए। स्थानीय जनप्रतिनिधियों , भानाशाहों एवं समाजसेवियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कैम्प के दौरान बच्चों द्वारा पोर्टेबल स्विमिंग पूल में भी मस्ती कार ठंडक का लुत्फ़ उठाया गया। प्रतिभागी बच्चों के खाने पाइन के लिए आइसक्रीम, छाछ, बिस्किट एवं ड्राइंग बॉक्स और स्कार्फ की व्यवस्था सांगानेर के भामाशाहों और समाजसेवियों द्वारा की गई थी। निगम उपायुक्त सीनियर आरएएस ऑफिसर डॉ गोरधन लाल शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कानोता में किया 3200 किलो वेजिटेबल सॉस करवाया नष्ट बिना फूड लाइसेंस चल रही थी फैक्ट्री

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। मुख्यमंत्री के आदेश पर चिकित्सा विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान मिलावट पर वार, शुद्ध आहार, में आज श्रीमान खाद्य आयुक्त इकबाल खान के निर्देश पर श्रीमान पंकज ओझा अतिरिक्त खाद्य आयुक्त के नेतृत्व में जयपुर द्वितीय क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा अधिकारियो द्वारा आज दिनांक 01-06-2024 को गौरव धारा कॉलोनी कानोता तहसील बस्सी जिला स्थित मैसर्स रिद्धि सिद्धि इंडस्ट्रीज के फ्द्द-द्गथ्थ्द्य सॉस बनाने वाले कारखाने पर छापा मारा गया जिसका मालिक

है तीरथराज शर्मा , इस दौरान इनके परिसर में 3200 किलो वेजिटेबल सॉस जो लगभग 25 प्लास्टिक के ड्रम? में रखा पाया गया जो की कद्दू के पल्प से तैयार कर घटिया एवं अखाध रंग मिलाकर सॉस तैयार किया जा रहा था यह वेजिटेबल सॉस की 900 ग्राम वाली बोतल ?25 प्रति बोतल के हिसाब से बेचा जा रहा था जबकि बाजार में ब्रांडेड कंपनियों की सॉस की बोतल की कीमत लगभग ?150/- की बोतल है इस फैक्ट्री की कंडीशन बहुत ही दयनीय पाई गई हाइजीन सैनिटेशन बहुत गंदा था मौके पर ना तो फूड लाइसेंस पाया गया और ना ही किसी कर्मी का मेडिकल फिटनेस और ना ही पानी की जांच रिपोर्ट पाई गई मौके पर इस वेजिटेबल सॉस का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नमूना लेने के पश्चात समस्त माल को मौके पर ही नष्ट करवाया गया आज की इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव, नन्दकिशोर कुमावत व राजेश कुमार नागर शामिल रहे . मलिक का नाम तीर्थराज शर्मा बताया जा रहा है कद्दू और खाद्य रंगों से मिलकर बनाया जा रहा था सॉस। ?25 प्रति बोतल के हिसाब से बेचा जा रहा था।

एमजीएसयू : विश्वविद्यालय के 21वें स्थापना सप्ताह के उद्घाटन कार्यक्रम का हुआ भव्य शुभारंभ

■ संजीवनी टुडे

सह शैक्षणिक गतिविधियां करती हैं विद्यार्थी का पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण : प्रो शुक्ला

बीकानेर। एमजीएस यूनिवर्सिटी के 21वें स्थापना सप्ताह के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद सरस्वती अजमेर के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला ने कहा कि सह शैक्षणिक गतिविधियां व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण अंग है और न सिर्फ व्यक्तित्व अपितु चरित्र निर्माण व गुणात्मक विकास में यह व्यक्ति को सक्षम बनाती है । अधिष्ठाता छात्र कल्याण के तहत आयोजित हो रहे स्थापना सप्ताह में डीन स्टूडेंट्स वेलफ़ेयर डॉ. मेघना शर्मा ने स्वागत भाषण पढ़ते हुए सप्ताह में अलग अलग दिन होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी मंच से दी। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण के साथ साथ दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजन का विधिवत शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया। सह अधिष्ठाता डॉ प्रभुदान चारण ने मंच संचालन करते हुए अतिथि परिचय दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुए कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि विश्वविद्यालय नवाचार करते हुए इस वर्ष से शैक्षणिक व सह शैक्षणिक उपलब्धियों के क्षेत्र में महाराजा गंगा सिंह अवॉर्ड के साथ साथ खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रेष्ठ विद्यार्थी को महाराजा करणी सिंह अवॉर्ड देने की घोषणा पहले ही कर चुका है। प्रभारी कुलसचिव अरविंद बिश्नोई ने मंच से समस्त प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की तो दोनों कुलपतियों व कुलसचिव ने स्वयं बैडमिंटन व टेबिल टेनिस खेलकर व विद्यार्थियों से हाथ मिलाकर उनका प्रोत्साहन करते हुए उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। धन्यवाद ज्ञापन एसोसिएट डीन डॉ प्रभु दान चारण ने दिया। आयोजन में प्रो. अनिल कुमार छंगाणी, प्रो. राजाराम चोयल, डॉ. बिट्ठल बिस्सा, समस्त अधिकारीगण, शिक्षकगण, खिलाड़ी व योग प्रतिभागी शामिल रहे।

भूड़ा-टोडाभीम प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य व सफल समापन

■ संजीवनी टुडे

फाइनल में मेजबान टीम भूड़ा को हराकर विजेता बनी नांदरी

टोडाभीम। भूड़ा-टोडाभीम प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता-2024 का फाइनल मैच मेजबान टीम भूड़ा वर्सेस नांदरी के बीच खेला गया।आयोजन कमेटी के संयोजक राजेन्द्र गुरूजी भूड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 15-15 ओवर का खेला गया।फाइनल मैच में भूड़ा क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और भोलू जोरवाल की 50 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत भूड़ा क्रिकेट टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 115 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया,जिसके जवाब में नांदरी क्रिकेट टीम ने 13.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।नांदरी की ओर से खुशीराम मीना ने 41 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस दौरान फाइनल समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संयुक्त रूप से टोडाभीम नगरपालिका चेयरमैन अमृता सियाराम तथा सांकरवाड़ा सरपंच सतेन्द्र सहारिया ने शिरकत की।आयोजन कमेटी ने दोनों को 31 किलो की माला पहनाकर स्वागत-सम्मान किया।

मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता की विजेता टीम नांदरी को 51000/-हजार रूपए की पुरस्कार राशि व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।तथा स्थानीय सरपंच सतेन्द्र सहारिया ने आयोजन कमेटी के लिए 1 लाख 11 हजार रूपए का सहयोग किया और खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए 35 चांदी के सिक्के पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।समापन समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया,जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय गायक रामू मास्टर,यादराम शहराकर व कुलदीप नांद ने प्रस्तुतियां दी।इस अवसर पर ईआरसीपी संयुक्त मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आदिवासी जवानसिंह मोहचा,सरोज गार्ड,भरत अगावली,करीरी प्रिंसिपल शिवकेश मीना,समाजसेवी लोकेश भजेड़ा,समाजसेवी रामअवतार जोरवाल टोडाभीम,कृषि पर्यवेक्षक रंगी पहाड़ी,प्रकाशचंद भूड़ा आदि क्षेत्रीय लोगों के अलावा हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे। फाइनल मैच के कॉमेंटेटर राहुल नांगल,शिक्षक पीकेसर टोडाभीम व सहायक कृषि अधिकारी पिंटू मीना पहाड़ी रहे तथा फाइनल मैच के अंपायर रामजीत बरगमा व विक्रम नारेड़ा रहे।समापन समारोह कार्यक्रम का संचालन आयोजन कमेटी के सदस्य स्थानीय भूड़ा निवासी प्रशांत गुरूजी व वेदराम गुरूजी ने किया।आयोजन कमेटी के सदस्यों राजेन्द्र गुरूजी,भोलू जोरवाल, तेजराम, मनोज, लोकेश ख्क्ग, लवकुश,धीरू के अलावा, स्थानीय गांव के पंच पटेल,राजेन्द्र पटेल, सुखचंद, मुरारी, जलधारी, हुल्लड़, कजोड़या, जयलाल,कैलाश डेयरी, शिवचरण, रमेश डायरेक्टर, नंदकिशोर, बाबूलाल, हरिओम गुरूजी, सीताराम, रामकेश आदि सहित सैंकड़ों ग्रामवासियों ने बाहर से पधारे हुए सभी अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत-सम्मान कर आभार व्यक्त किया। समापन समारोह के अवसर पर बाहर से पधारें हुए सभी लोगों के लिए आयोजन कमेटी की ओर से खाने के लिए देशी घी में भंडारा किया गया।

खंडेलवाल महिला समिति द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। स्थानीय खंडेलवाल धर्मशाला में एक माह से चल रहा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। महिला समिति की अध्यक्ष इंदिरा रावत एवं संरक्षक आशा ताम्बी ने बताया कि समापन समारोह की मुख्य अतिथि अंजना गोविंद गुप्ता थी। वहीं समारोह की अध्यक्षता रमेश पाबूवाल ने की। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि प्रेम मामोडिया,आशा तांबी, वर्षा, निशा पाटोदिया एवं खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष सुरेश रावत रहे। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य सुरेश कायथवाल, अशोक घीया, कमलेश मामोडिया और रामरतन तांबी उपस्थित रहे। महिला समिति की अध्यक्षा इंदिरा रावत ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वर्षा सैनी, द्वितीय स्थान अनन्या तांबी, ब्यूटी पार्लर में प्रथम स्थान दीपिका, द्वितीय स्थान प्रिया प्रजापत, सिलाई में प्रथम स्थान वर्षा योगी, द्वितीय स्थान इंदिरा सैनी,

ढोलक में प्रथम स्थान देवांग जागा ने प्राप्त किया। सभी को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंजना गोविंद गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को सिखाए गए सभी कार्यों को नियमित रूप से घर पर अभ्यास करें और उन्होंने कहा की बच्चों को पढ़ाई में निरंतर प्रगति करते रहना चाहिए यही आज के समाज की आवश्यकता है। आशा ताम्बी ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में ढाई सौ बच्चों ने प्रशिक्षण लिया जो की एक कीर्तिमान है। खंडेलवाल महिला समिति 7 वर्ष से इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करती आ रही है। समापन कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सभी बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनीता, उमा खुटेंटा, सुषमा, कांता तांबी, गीता घीया, रामा बटवाडा, विमला रावत, मीनाक्षी रावत, सुमन झालानी, मधू रावत, मीना झालानी, रेखा ठाकुरिया, कृष्णा झालानी, सुनीता भांगला सहित महिला समिति की सदस्य मौजूद रही।

खबरें फटाफट

एनएसएस शिविर कार्यक्रम का हुआ समापन

संजीवनी टुडे

सराडा।राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारवा में एनएसएस शिविर का शनिवार को समापन हुआ। शिविर प्रभारी प्रकृति,पंछी - मित्र,वरिष्ठ अध्यापक हितेष श्रीमाल ने बताया ग्रीष्म अवकाश में माध्यमिक कक्षाओं के लिए राजकीय विद्यालयों में शिविर का आयोजन किया जाता है,इसी के तहत इस वर्ष भी छात्रों ने 15 दिवस में पर्यावरण,सामजिक सेवा,श्रमदान के कार्यों से सीड़ बॉल तैयार,पक्षी परिंडे और दाना -पानी,पेड़ -पौधों के देख रेख,परिवेश की स्वच्छता,सामाजिक चेतना के विषय पर रैली और कार्य किया गया।एसडीएमसी अध्यक्ष लालुराम मीणा द्वारा पक्षी छात्रों के द्वारा तैयार पक्षी परिंडे परिवेश में लगवाए गए।शिविर में दलनायक शिक्षक प्रकाश सालवी व शा.शि. निर्भय सिंह शक्तावत,एसएमसी और एसडीएमसी सदस्य मौजूद रहे।

उदयपुर की बेटियों ने विदेश में किया नाम रोशन

संजीवनी टुडे

उदयपुर। नेपाल के काठमांडू में आयोजित हुई अंतर्राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में उदयपुर की कथक आश्रम की बालिकाओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी जिसमें राजस्थानी फोक ग्रुप ,गणगौर, घूमर, भवाई, कालबेलिया, कथक, उप कथक की प्रस्तुतियां दि जिसमें जूनियर सोलो डांस में हुनर जैन ने प्रथम पुरस्कार जीता और ग्रुप डांस में भी उदयपुर के ग्रुप ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया ।उदयपुर की बालिकाओं ने विदेश में जाकर उदयपुर का नाम रोशन किया । उदयपुर की रीता चौधरी, हुनर जैन, आयना कालरा, नायरा बडाला,दिविजा चौधरी, अनाया बोकाडिया, अरिस्ता मालो,ऋषिका परिहार,मिशिका परिहार, ने अपनी डांस प्रस्तुतियां दी।

महिला पार्षद शहनाज बेगम का आकस्मिक निधन, जनप्रतिनिधियों सहित स्वयंसेवी संस्थाओं ने किया शोक व्यक्त

संजीवनी टुडे

भूपालसागर । कपासन नगरपालिका कपासन के वार्ड सत्रह से कांग्रेस पार्टी से निर्वाचित पार्षद शहनाज बेगम का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया।ज्ञातव्य रहे कि पार्षद शहनाज बेगम के ससुर हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद रह चुके हैं। वर्तमान में वो मक्का मदीना हजयात्रा पर गए हुए हैं। शहनाज बेगम के पति मोहम्मद हारून भी पूर्व पार्षद रह चुके हैं।शहनाज बेगम के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीयो ने शोक संवेदना व्यक्त की।महिला पार्षद शहनाज बेगम के पिता भूपालसागर निवासी होकर क्षेत्र के प्रमुख एडवोकेट शब्बीर मोहम्मद सहित एक भाई न्यायिक मजिस्ट्रेट सरफराज नवाज ओर भाई एडवोकेट मुदस्सर नजर हैं।

राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ की विशेष आम सभा आज जयपुर क्लब, जयपुर में

संजीवनी टुडे

भटेवर/ जयपुर। राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ की विशेष आम सभा की बैठक कल दिनांक 02 जून को प्रातः 11 बजे जयपुर क्लब, जयपुर में रखी गई है। राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के चेयरमेन अनिल व्यास ने बताया कि इस बैठक को रोकने के लिए तथाकथित अरुण सारस्वत ने ज़िला एवं सेशन न्यायालय जयपुर में आर्बिट्रेशन एक्ट के वाद में स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था, जिसे माननीय न्यायालय ने ख़ारिज कर दिया है। राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ की तरफ़ से एडवोकेट राजेश महर्षि ने माननीय न्यायालय के समक्ष वैध तथ्यों को प्रस्तुत किया जिनके आधार पर माननीय न्यायालय ने अरुण सारस्वत के स्थगन प्रार्थना पत्र को ख़ारिज कर दिया है तथा राज्य ओलम्पिक संघ की बैठक यथासमय दिनांक 02 जून को प्रातः 11 बजे जयपुर क्लब जयपुर में राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष रामावतार सिंह जाखड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी । राज्य संघ की बैठक में राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ के संविधान में भारतीय ओलम्पिक संघ के संविधान के अनुसार संशोधन किया जायेगा । विशेष आमसभा की बैठक के पश्चात 1.30 बजे पत्रकार वार्ता का आयोजन रखा गया है ।

जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी समन्वयता के साथ मानसून पूर्व तैयारिया समय पर पूर्ण करें: जिला कलक्टर

संजीवनी टुडे

करौली। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि आगामी समय मे सक्रिय होने वाले दक्षिण पशिचम मानसून के संबंध में वर्षा होने की संभावना को देखते हुए समस्त जिला व ब्लाक स्तरीय अधिकारी मानसून पूर्व तैयारियों को समन्वयता के साथ निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण करना सुनिश्चित करे एवं इस संबंध मे अपनी कार्ययोजना बनाकर भिजवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर शनिवार को जिला कलक्टेट्रेट सभागार मे मानसून पूर्व तैयारी हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होने बैठक में नगर परिषद, वन, पशुपालन, पंचायती राज, राजस्व, चिकित्सा, शिक्षा, बिजली, सानिवि, पुलिस, रसद सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को विभागीय कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिला व ब्लाक स्तर पर वर्षा से पूर्व नालो-नालियों की सफाई करवाने, हॉस्टल व स्कूलों के जलभराव की संभावित जगहो को दुरस्त करवाने, मडपंपों को ठीक करवाने, प्रतिदिन होने वाली वर्षा की सूचना देने, वर्षा से होने वाली जन व पशु हानि की सूचना देने, इसके अलावा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देश प्रदान कर स्पष्ट रूप से आगाह कर दे कि आने वाले मानसून के समय बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी वर्षा जनित खतरों को देखते हुए आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत आवश्यक इंतजाम पूरे कर एक ऐसा प्लान तैयार करें कि अतिवृष्टि व बाढ़ जनित संभावित जनधन व पशुधन को नुकसान से बचाया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होने जिला व ब्लॉक स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, मौसम की सूचना एवं मानसून की गतिविधियां नियमित रूप से उपलब्ध कराने, बाढ़ की संभावना में जिला स्तरीय आपदा नियंत्रण मे सूचनाएं देने, रक्षा पेटियों, रस्सों, मसालों, टोर्चों की व्यवस्था करने एवं उचित मूल्य की दुकानों पर गेहूं व अन्य खाद्य

सामग्री के भण्डारण व वितरण की व्यवस्था तथा बाढ़ की स्थिति मे स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से पीड़ित व्यक्तियों तक खाद्य सामग्री पहुंचाने से संबंधित प्रबंधन करने आदि के निर्देश भी दियें। जिला कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अतिवृष्टि या अन्य कारणों से जलभराव व बाढ की संभावनाओं को देखते हुए जनधन के सुरक्षात्मक उपाय हेतु उचित प्रबंध पूर्व मे ही कर लिये जाएं। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग एवं सिचिंत क्षेत्र के सभी अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में समस्त सिचांई परिसंपत्तियों को वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व दुरुस्त कर लें। उन्होंने समस्त बांधों व नहरों को वर्षा से संभावित नुकसान को बचाने व मरम्मत कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन बांधों के कार्यों को भी यथासंभव पूर्ण करें ताकि वर्षा के दौरान होने वाले हादसों को टाला जा सके। उन्होंने बांधों तालाबों व नहरों के आसपास गश्ती दल लगाने, डूब क्षेत्र में आने वाले गांवों तथा पिकनिक स्पॉट को भी चिन्हित करने, डूब क्षेत्र के गांवों को खाली कराकर उन को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके। सभी बांधों में पर्याप्त नावों की व्यवस्था करने, डूब क्षेत्र से पानी को बाहर निकालने के लिए पर्याप्त पंप सेटों की व्यवस्था करने, नालों की सफाई कराने एवं वाढ क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद एवं पंचायत समितियों में पेयजल लाइनों को दुरूस्त कराने, जल जनित बीमारियों के उपाय में डॉक्टर्स की टीम का गठन करने जो आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को तूफान वं अधंड में टूटने व झूलने वाले तारों के हाईरिस्क पॉइंट कवर करने, निचले ट्रांसफार्मरों को ऊंचा करने व ट्रांसफार्मरों के आसपास जाली लगाने, ढीले तारो को टाईट करवाने के निर्देश देते हुए कहा कि वर्षा के समय जन एवं पशु हानि नही हो यह पूर्व मे ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने फिटनेस लाइसेंस शुदा नावों एवं गोताखोरों की सूची तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी गड्ढे खुले नहीं होने चाहिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने अब तक की गई तैयारियों व की जानी तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदयभानु चारण, डीएफओं सुमित बंसंल, जिला रसद अधिकारी बृजेश गुप्ता, सीएमएचओं डॉ दिनेश मीना, पीएचईडी के परसराम वर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीना, सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता मे भद्रावती नदी पुनर्जीवित परियोजना के संबधं मे बैठक आयोजित की गई। बैठक मे पूर्व मे परियोजना के तहत वन विभाग, पंचायतीराज, कृषि, नगर परिषद, उद्यान, सिचांई सहित अन्य विभागों के द्वारा कराये गये कार्यो की समीक्षा की गई एवं अपूर्ण कार्यो को शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।

अवैध बजरी परिवहन करते हुये एक ट्रेक्टर जब्त,एक अभियुक्त गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

सलूम्बर।झल्लारा पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन करते हुये एक ट्रेक्टर को जब्त कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार झल्लारा थानाधिकारी धर्मेन्द्र सिह वाघेला द्वारा टीम का गठन किया जाकर थानाधिकारी मय जाप्ता द्वारा अवैध खनन एवं निर्गमन के विरूद्ध कार्यवाही हेतु रूआव मोड पहुंचे जहां पर एक ट्रेक्टर बडावली की तरफ ट्रेक्टर की ट्रोली में रेत (बजरी) भर कर आ रहा था जो पुलिस जाप्ता को देखकर ट्रेक्टर का ड्राईवर ट्रेक्टर छोड भागने लगा जिसे घेरा डालकर पकडा एवं नाम पता पुछा तो उसने अपना राजु (35)पिता नगजी मीणा निवासी बुडवा बामनिया थाना झल्लारा जिला सलुम्बर का होना बताया।ट्रेक्टर बिना नम्बरी महेन्द्रा कम्पनी 415 लाल रंग का जिसके आगे पीछे नंबर नही लिखे हुये तथा ट्रोली हो आगे पीछे नंबर लिखे हुये नही है।ट्रोली में बजरी भरी हुई पाई गई।जिस पर ट्रेक्टर चालक राजु मीणा ने ट्रेक्टर में

बडावली गोमती नदी से उक्त बजरी स्वयं ही भरना एवं बजरी को अपने घर गांव बुडवा बामनिया ले जाना बताया।ट्रेक्टर चालक द्वारा कोई वैध कागजात पेश नही करने पर बजरी से भरे ट्रेक्टर मय ट्रोली को जब्त कर थाने पर पहुंच आरोपी चालक राजु पिता नगजी मीणा के विरूद्ध प्रकरण धारा 379 भादस, धारा 4/21 एमएमआरडी एक्ट 1957 तथा नियम 54 व 60 राजस्थान खनिज नियमावली 2017 में पंजीबद्ध किया जाकर प्रकरण मे अनुसंधान जारी है।

टेंकर से सोर्बिटोल ऑयल चोरी के मामले में दो गिरफतार

संजीवनी टुडे

आरोपी ने टैंकर से 440 लीटर ऑयल निकाल कर बेचा

चित्तौड़गढ़। टेंकर से पतंजलि कंपनी के सोर्बिटोल ऑयल चोरी के मामले में मंगलवाड़ थाना पुलिस ने ऑयल चोरी करने वाले व ऑयल खरीदने वाले आरोपी को गिरफतार किया है। टैंकर चालक ने ही टैंकर से 440 लीटर सोर्बिटोल ऑयल चुरा कर होटल वालों को बेचा था। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी के अनुसार हरिद्वार उतराखण्ड स्थित पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड यूनिट के सीनियर एक्जिविटिव अनिल कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार द्वारा 30 मई को थाना मंगलवाड़ पर दी गई अपनी रिपोर्ट में बताया कि गुजरात के भरूच जिले से गुलशन घ्धद्यभधद्यद्गप द्यद्बद्बद्बद्गद कंपनी से एक टैंकर चालक सोर्बिटोल ऑयल भर कर 28 मई को रवाना हुआ था। टेकर से चालक द्वारा माल चोरी करने की सम्भावना से कम्पनी ने उसकी

निगरानी के लिए उन्हें भेजा। इसी दौरान टैंकर चालक ने टैकर को मंगलवाड नारायणपुरा टोल प्लाजा से पहले उदयपुर रोड पर छापरी गाँव की सीमा में राजहंस होटल पर रोका। जहा पर उसने टैकर से पाईप द्वारा दो ड्रमों मे सोर्बिटोल ऑयल निकालकर होटल वालों को बेच दिया था। जिसका उनके द्वारा मोबाईल से विडीयो भी बनाया। वे चालक इरफान व टैंकर को थाना पर लेकर आये थे। जिस पर थाना मंगलवाड़ पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। चोरी की घटनाओ की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के आदेश की पालना में एएसपी परबतसिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी बडीसादडी डॉ0 कृष्णा सामरिया के सुपरविजन में थानाधिकारी मंगलवाड रामसिंह उ.नि., हैड कानि. देवीलाल, कानि. श्रीभान व संजय द्वारा हाईवे पर टेंकर से 440 लीटर सोर्बिटोल ऑयल चोरी करने वाले आरोपी भरतपुर जिले के आलमपुर थाना पहाड़ी निवासी इरफान खान पुत्र पल्दु खान को गिरफतार कर पूछताछ की गई। गिरफ्तार आरोपी इरफान खान ने पुलिस पुछताछ में टैंकर से 440 लीटर सोर्बिटोल ऑयल चोरी कर भीलवाड़ा जिले के रुपपुरा थाना प्रतापनगर हाल उदयपुर जिले से शान्तिनंगर भीण्डर निवासी 48 वर्षीय सोहनलाल उर्फ शंकरलाल कुमावत पुत्र परसराम कुमावत को बेचना बताया। अनुसधांन से उक्त 440 लीटर सोर्बिटोल ऑयल को खरीदने वाले आरोपी सोहनलाल उर्फ शंकर लाल को गिरफतार किया जाकर दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। प्रकरण में अनुसधांन जारी है।

अनियंत्रित होकर अल्टो कार पलटी,एक ही परिवार के सदस्य हुए घायल,चावंड मार्ग पर हुआ हादसा, दो को उदयपुर किया रेफर

संजीवनी टुडे

सराड़ा।सलूंबर जिले के सराड़ा थाना क्षेत्र के डिंगरी - चावंड मार्ग पर डायली घाटी के समीप अल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई।हादसे में कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार परसाद निवासी एक ही परिवार के देवीलाल प्रजापत(52) पुत्र वालजी प्रजापत,कौशल्या प्रजापत (32) पत्नी मुकेश प्रजापत,गीता देवी (50)पत्नी देवीलाल प्रजापत,मंजू देवी(38)पत्नी भँवरलाल प्रजापत कार में सवार होकर डिंगरी -चावंड मार्ग होते हुए परसाद घर की तरफ लौट रहे थे।तभी अचानक चावंड मार्ग डायली घाटी के समीप कार अनियंत्रित होकर पलट गई।जिसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे को देखते ही राहगीरो ने चारों घायलों को कार से बाहर निकाला और चावंड स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया।जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस की सहायता से हादसे में गंभीर घायल हुए देवीलाल प्रजापत(52) पुत्र वालजी प्रजापत व कौशल्या प्रजापत (32) पत्नी मुकेश प्रजापत को उदयपुर रेफर किया। इधर चावंड चौकी के पन्नालाल मीणा बताया कि हादसे की जानकारी परिवारजन को दी।परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे।हादसे में दो लोगों को गंभीर चोटे आई है ?जिन्हें उदयपुर रेफर किया है।

आगामी वर्षा के मौसम मे ग्रामीण अधिक से अधिक पौधे लगायें

संजीवनी टुडे

करौली। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने कहा कि जनसुनवाई व रात्रि चौपाल मे आमजन एवं ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं को जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी समय सीमा मे निस्तारण करना सुनिश्चित करे, जिससे कि उन्हे अनावश्यक रूप से जिला स्तर पर परेशान नही होना पडे। जिला कलेक्टर शुक्रवार को ग्राम पंचायत खोहरी मे आयोजित रात्रि चौपाल मे आमजन की समस्याओं पर अधिकारियों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होने जनसुनवाई के दौरान आमजन से अपील की कि आगामी वर्षा के मौसम मे अधिक से अधिक पौधें लगाए और उनका संरक्षण भी करें, जिससे आज जो हीट वेव की समस्या चल रही है इससे राहत मिल सके। उन्होने बताया कि पेड़ पौधों से भूमि का जलस्तर भी बढ़ेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में आगामी वर्षा के मौसम के दौरान लगभग दो से ढाई हजार पौधे भेजे जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं का सुनकर अधिकारियों को मौके पर निर्देशित किया कि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिये जिला व ब्लॉक स्तर पर अनावश्यक परेशान नही होना पडे इनकी समस्याओं का ग्राम पंचायत स्तर पर शीघ्रता से निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। जनसुनवाई के दौरान खोहरी के ग्रामीणों ने मुख्य रूप से खोहरी एनीकट की मरम्मत की मांग, जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत पंचायत में पानी उपलब्ध करवाने, कालीसिल मठ पर संचालित प्राइवेट गौशाला संचालकों ने गौशाला के लिए भूमि आवंटन करवाने, शराब के ठेका व कचरा स्थल को हटवाने की समस्या बताई जिस पर जिला कलेक्टर ने समस्याओं के निस्तारण करवाने का आवश्वासन दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी, उपवन संरक्षक सुमित बंसंल, उपखंड अधिकारी पिंकी गुर्जर जिला रसद अधिकारी बृजेश गुप्ता, तहसीलदार महेंद्र गुर्जर, विकास अधिकारी मोहनलाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा, बिजली विभाग के एसी जौहरी लाल मीना, एईन जनक राज, पटवारी नरसी लाल मीणा, खोहरी ग्राम पंचायत सरपंच महेश चंद माली, ग्राम विकास अधिकारी जयप्रकाश सहित अन्य विभागो के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

ट्रेलर में घुसी वैन, 2 सगे भाइयों की मौत: छुट्टी मनाकर लौट रहा था परिवार, चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर 3 बच्चों सहित 5 लोग घायल

संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़।रावतभाटा से छुट्टियां मनाकर वापस अपने घर लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। छुट्टी मनाकर वैन से घर लौटता परिवार शनिवार सुबह 8.45 बजे हादसे का शिकार हो गया। वैन में परिवार के 7 सदस्य थे। तेज रफ्तार वैन खड़े ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। 3 बच्चों समेत परिवारके 5 लोग घायल हो गए। हादसा चित्तौड़गढ़ से 18 किलोमीटर दूर बस्सी थाना इलाके में चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर नगरी गांव के पास हुआ। बस्सी थानाधिकारी जयेश पाटीदार ने बताया- राहगीरों ने घायलों की मदद की और पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जानकारी में आया कि ओमनी वैन काफी तेज रफ्तार से आकर स्टोन से भरे ट्रेलर के पीछे जा घुसी। ट्रेलर का ड्राइवर ढाबे पर नाश्ता करने के लिए रुका था। ट्रेलर होटल के साइड में पार्क किया हुआ था। वैन में दो सगे भाई सुरेश गर्ग (52), मांगीलाल गर्ग (58), मांगीलाल की पत्नी बसंती (52), मांगीलाल की साली का बेटा चेतन (30) और तीन बच्चे चंचल (10), प्रीति (5) और रौनक (4) थे। हादसे में सुरेश और मांगीलाल की मौत हो गई। बस्सी थाने के एएसआई हंसराज ने बताया- वैन में सवार परिवार उदयपुर जिले के भिंडर क्षेत्र

के हिता गांव का रहने वाला था। सुरेश वैन चला रहे थे। मांगीलाल बगल वाली सीट पर बैठे थे। मांगीलाल हैवी वाटर प्लांट रावतभाटा में इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे।उनके भाई सुरेश (52) वहां ठेकेदारी का काम करते थे। दोनों भाइयों का पैतृक गांव हिता है। कुछ साल से दोनों परिवार के साथ रावतभाटा में ही रह रहे थे। बच्चियां चंचल और प्रीति सुरेश की भतीजी हैं। वे बुआ के घर रावतभाटा में छुट्टी मनाने कुछ दिन अपने गांव चित्तौड़गढ़ के डूंगला क्षेत्र में किशन करेरी से आई थीं। सुरेश व मांगीलाल दोनों बच्चियां को छोड़ने उनके गांव जा रहे थे। बच्चियों को किशन करेरी गांव छोड़ने के बाद परिवार पैतृक गांव भिंडर जाने वाला था। घायल चेतना मांगीलाल की साली का बेटा है। बसंती, चेतन और तीनों बच्चों का चित्तौड़गढ़ जिला हॉस्पिटल में इलाज जारी है। चंचल ने बताया- हम गर्मी की छुट्टी में हिता गांव (भिंडर, उदयपुर) से हैवी वाटर कॉलोनी रावतभाटा (चित्तौड़गढ़) में बुआ के पास घूमने गए थे। वहां से अपने घर लौट रहे थे। तभी एक्सीडेंट हो गया। चेतन के गाल पर गंभीर कट का निशान है। राहगीरों ने की घायलों की मदद, हॉस्पिटल पहुंचाया घटना के समय भाटिया कंपनी (चित्तौड़गढ़) में काम करने वाले दो कर्मचारी आंवलहेड़ा निवासी प्रकाश गिरी गोस्वामी और कमलेश कुमावत जा रहे थे। उनके साथ उनकी पूरी टीम थी। प्रकाश गिरी ने बताया कि हम वहां से चित्तौड़गढ़ आ रहे थे। रास्ते में देखा तो काफी भीड़ थी। लोग दुर्घटनाग्रस्त वैन को खींच रहे थे।हम सब भी रुके और सवारी की मदद की। दोनों ने एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। पांच घायलों को अपनी गाड़ी में लेकर हॉस्पिटल पहुंचे, जहां तुरंत डॉक्टर ने घायलों का इलाज शुरू किया।

फ़ेक्ट चैकः डाक विभाग द्वारा पीएम सूर्यघर योजना में किये गए पंजीकरण के संबंध में तथ्यात्मक टिप्पणी

संजीवनी टुडे

सलूंबर। डाक विभाग द्वारा पीएम सूर्यघर योजना में किये गए पंजीकरण के संबंध में जो खबर प्रसारित की गई है वह पूर्णतः सही नहीं है। निरीक्षक डाक सलूंबर उपमंडल ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना में डाक विभाग को पंजीकरण का कार्य दिया गया था जिसमे यह कार्य मार्च के प्रथम सप्ताह में ही आरंभ किया गया था। इससे पूर्व डाक विभाग के अलावा तीन अन्य विभाग एजेंसी उक्त कार्य को कर रहे थे । डाक विभाग भी मात्र एजेंसी के रूप में कार्य कर रहा था जिसमे उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार पोस्टमैन के माध्यम से उक्त कार्य करवाया जाना था। उन्होंने बताया कि उच्च स्तर से उक्त कार्य को किए जाने का लक्ष्य मंडल वार आवंटित किया गया था, जिसमें उदयपुर मंडल को भी निर्धारित लक्ष्य प्रदान किया गया था। उदयपुर मंडल में वर्तमान में तीन जिले यथा उदयपुर, राजसमंद एवम सलूंबर आते है। सलूंबर जिला पूर्ण रूप से सलूंबर उपमंडल में नहीं है। जिले के डाकघर अन्य उपमंडल में भी है। पीएम सूर्यघर योजना का कार्य समस्त उपमंडल द्वारा किया जा रहा था। अतः खबर में बताए गए आंकड़े सही नही है। साथ ही डाक विभाग को मुख्य रूप से नोडल विभाग बताया गया है, जबकि अन्य तीन विभाग पूर्व से ही इस कार्य को कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 8 मार्च से आदर्श आचार संहिता लगने से मात्र 5 से 6 दिन यह कार्य हो पाया था जिसमे से सॉफ्टवेयर के पूर्ण रूप से सही कार्य नहीं करने पर भी अधिक से अधिक लोगो से संपर्क कर इच्छुक लोगों के सबसे अधिक पंजीकरण सलूंबर उपमंडल में किए गए थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आदर्श आचार सहिता जारी है एवं उच्च स्तर से यह कार्य एवं सॉफ्टवेयर दोनो ही बंद है इस कारण यह कार्य नहीं किया जा रहा है। साथ हो सॉफ्टवेर के नहीं चलने के कारण पूर्णतया सही आकडे प्रस्तुत करना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि विभाग से अग्रिम निर्देश प्राप्त होते ही अधिक से अधिक लोगो से संपर्क कर इस योजना में पंजीकृत किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय लैक्रोस महिला खिलाड़ियों का जनजाति मंत्री खराड़ी ने अपने घर पर किया सम्मान

संजीवनी टुडे

खेल एवं खिलाडियों के विकास हेतु सरकार द्वारा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया

भटेवर। जनजाति विकास मंत्री राजस्थान सरकार बाबूलाल खराड़ी ने गुरुवार को कोटडा में अपने निवास स्थान पर उज्बेकिस्तान में 1से 4 जुलाई 2024 तक होने वाली एशियाई सीनियर महिला लैक्रोज़ प्रतियोगिता हेतु भारतीय टीम में चयनित उदयपुर की ग्रामीण खिलाड़ियों विशाखा मेघवाल(निवासी गांव माणस झाड़ोल), झूला कुमारी गुर्जर (सालेड़ा तह .भींडर), डाली गमेती (धार ,बड़गांव), सुनीता मीणा (तितरडी) ,मीरा दौजा (माणस झाड़ोल) , हेमलता डांगी (लौयरा बडगांव), दीपिका बामनिया(गनोड़ा, हाल उदयपुर) के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त कर सम्मान किया साथ ही अंतर्राष्ट्रीय

स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनायें दी। राउमावि धार (बड़गांव)के शारीरिक शिक्षक एवम भारतीय टीम के प्रशिक्षक नीरज बत्रा ने बताया कि आगरा में गत दिनों संपन्न हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उदयपुर के ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों द्वारा परचम लहराने पर जनजाति मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजस्थान में लैक्रोज़ खेल एवं खिलाडियों के विकास हेतु सरकार द्वारा हर संभव मदद की बात कही, इस अवसर पर समाजसेवी पन्नालाल कुमावत,माणस सरपंच काउवा राम खराड़ी, गोरण सरपंच लोकेश पलात, रिचावर सरपंच मुकेश कटारा, लक्ष्मण लाल दौजा, मणि मेघवाल व प्रशिक्षक नीरज बत्रा आदि उपस्थित थे ।

सड़क पर भरा गंदा पानी देता बिमारियों को न्योता

संजीवनी टुडे

जमवारामगढ़। पंचायत समिति आंधी क्षेत्र में पुलिस थाना आंधी मोड़ सड़क मार्ग पर आंधी ढलान के पास सड़क पर भरे गंदे पानी से वाहन चालक, राहगीरों और कस्बेवासीयो को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर भरे गंदे पानी से कई बार वाहन चालक व राहगीर फिसलकर चोटिल हो चूकें है लेकिन जिमेदारों का इस ओर ध्यान नहीं है। प्रशासन को अवगत कराने के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इस सड़क मार्ग पर हमेशा गंदा पानी भरा रहता है जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत प्रशासन द्वारा कई स्थानों पर भरे गंदे पानी के लिए सोता गड्ढा का निर्माण करवाया जा रहा है। अगर इस स्थान पर भी सोता गड्ढे का निर्माण हो तो समस्या का समाधान हो सकता है।

इनका कहना.....

सरपंच प्रतिनिधि राकेश कुमार शर्मा का कहना है कि इस गंदे पानी के समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण करवाया जायेगा और पाइप लाइन डाली जायेगी जिससे गंदा पानी इकट्ठा नहीं हो , इसके लिए विधायक और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को पत्र दे रखा है आचार संहिता हटने के बाद जल्दी ही इसको सही करवा दिया जायेगा। जिससे लोगों को हो रही असुविधा से निजात मिलेगी।

सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने मनाया 39 वां स्थापना दिवस

संजीवनी टुडे

जमवारामगढ़। आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने 39 वां स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। बटालियन के 39 वॉ स्थापना दिवस के अवसर पर कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने शहीद स्मारक पर जाकर देश सुरक्षा में वाहिनी के शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बटालियन क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी लिया। कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह ने बटालियन के सभी कार्मिकों को वाहिनी के सुनहरे इतिहास को याद करते हुए जवानों के अदम्य साहस, देश हित में किये गये सराहनीय कार्यों के लिये प्रशंसा की। साथ ही जवानों को देश में कानून व्यवस्था को बनाये रखने में रैपिड एक्शन फोर्स के द्वारा की जा रही ड्यूटियों और कार्यो की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार से ड्यूटी का निर्वहन करने के लिए आह्वान किया। साथ ही भविष्य में और अच्छी ड्यूटी करने की रणनीति पर विचार करने और देश की सेवा के लिये हर समय तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। शाम को बड़े खाने और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के साथ द्वितीय कमान अधिकारी दीपक कुमार सिंह, विकेश कुमार, उप कमांडेंट सरवर खान, हरि नारायण मीणा, पूर्णमल गुर्जर, उगमा राम समेत बटालियन के अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

काफी लाभप्रद है फलों का राजा आम

आम का नाम सुनते ही मुंह में एक अनूठा रस घुल जाता है शायद इसीलिए आम को फलों का राजा भी कहा जाता है।हमारे देश आम की कई प्रजातियाँ पाई जाती है, जो कि बिदेशों तक फैली है। आम हमारे भारत में ही नहीं बल्कि परदेश में भी अपने स्वाद को लेकर प्रसिद्ध है। विटामिन इ जो कि हमारी आँखों की रोशनी को बढ़ाता है, विटामिन ए जो, कि आम के अंदर वाले गूदेदार भाग में पाया जाता है यह हमारे दांतों के लिए तो फायदेमंद है। फाइवर, प्रोटीन ये हमारे ज्यादा मात्रा में कोलेस्ट्राल को कम करता है। यह हमारे रक्तचाप को नियंत्रित करता है।आम में आयरन भी पाया जाता है जो कि प्रेग्नेंट महिलाओं और उसके बच्चे के लिये अति आवश्यक होता है इसमें पाया जाने वाले केल्सियम की मात्रा से गर्भपात होने का खतरा टल जाता है। पके हुये आम को गैस चूल्हे पर भूनकर ठंडा करकर खाने से खाँसी जैसी बीमारियाँ मिटाई जा सकती है।

आम के फल में बहुत सारे मिनरल्स भी पाए जाते हैं जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं कैल्शियम, कॉपर, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम यह मिनरल्स हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं और बीमारियों से लड़ने की ताकत देते है। आम के फल को खाने से इन्फ़ेक्शन, हृदय की बीमारी, कैंसर और समय से पहले बुढ़ापे जैसी बीमारियों से बचाव करता है। आम का फल खाने से उच्के रोगियों को बहुत फायदा होता है, क्योंकि इसमें पोटेशियम और मैग्नीशियम की मात्रा काफी होती है जो कि शरीर में फैले हुए सोडियम की मात्रा को नियंत्रित करता है। इसमें विटामिन सी और फाइबर बहुत ही अधिक मात्रा में पाए जाते हैं जिसके कारण यह हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। आम ऊर्ज़ा का एक बेहतरीन स्त्रोत है इसका गर्मियों में सेवन करने से आप तरोताजा महसूस करते है और शरीर को ठंडक मिलती है ल्लूङ्क लगने का खतरा भी कम हो जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी पूजा पर आम के फल एवं पत्तों को विशेष महत्व दिया गया है दीपावली जैसे त्यौहारों पर आम के पत्ते द्वार में लगाने से एक अलग ही महत्व होता है घर में रखी पूजा-पाठ में भी आम के पत्तों का उपयोग किया जाता है। हम देखें तो हर तरह से आम हमारे लिए बड़ा ही उपयोगी होता है आम के पत्तों और फलों का दवाइयों में भी उपयोग किया जाता है।

पूरी दुनिया में आम को खाने वाले लोग बहुत हैं यह पूरी दुनिया का पसंदीदा फल है। आम का सीजन चल रहा है,आम शब्द के दो मुख्य अर्थ होते हैं-सामान्य,साधारण या आम का फल। आम के साथ आप कुछ भी लगा लीजिये अर्थ बन जाते हैं-आम चुनाव,आम आदमी,आम सभा,आम दरवार इत्यादि।भारत में आम की कई प्रजातियां पाई जाती हैं-दशहरी, चौसा,लंगड़ा, बम्बइया आदि। दशहरी और चौसा सबसे ज्यादा लोकप्रिय हैं। आम को अलग अलग लोग अलग-अलग प्रकार से खाते हैं, कुछ चूस के खाते हैं तो कुछ काट काट कर खाते हैं,आम तौर पर आम को उसकी प्रजाति के हिसाब से खाया जाता है,कुछ लोग एक ही प्रकार के आम को छील कर व चूस कर खाते हैं,इसमे उनकी कितनी समझदारी है ये तो अपने मोदी जी ही बता सकते हैं। वो भी आम को अलग-अलग प्रकार से खाते हैं।

फलों का राजा, भारत का राष्ट्रीय फल आम का न जाने किसने ''आम'' नाम रख दिया। इसका नाम तो खास होना चाहिये था,पर करें क्या अब यह भूल कौन सुधारेगा औरों के लिये हो न हो मेरे लिये तो यह फल खास है।गांव के आम के अधिकतर पेड़ तो फर्नीचर के भेंट चढ गये और कुछ सूख गये,कुछ आधी अंधड़ में उखड़ गये कुछ कंकरीट के जंगल की भेंट चढ गये और कुछ हैं भी तो आजकल किसको फुरसत है आम के पेड़ के नीचे घंटो बैठकर आम इकठ्ठा करने की।आज बचपन को तो मैकाले की शिक्षापद्धति का होमवर्क लील ऱहा है बच्चो को तो खरीदकर,धोकर फ्रिज मे ठंडेकर ,काटकर दे दिये तो खा लेंगे नही तो कोई मतलब नहीं. हम लोग घंटो पेड़ के नीचे इन्तजार करते थे हवा के झोंको का या फिर तोता या चिड़िया का जो पेड़ की डाल हिलाये और मीठे पक्के आम नीचे गिरें ।आम गिनने के भी अलग अलग ढंग थे कोई दुक्का यानि दो दो आम एक साथ गिनता था कोई चौका और कोई दसी और बीसी मे भी गिनता था। आम जब ज्यादा पक जाते थे तब गाँव में हिलाने वाले की खोज होती थी जो पेड़ पर चढता था और जहां तक उसका हाथ पहुंचता वे आम उसके होते इन आमो को हाथ के आम कहते बाकी वह जब पेड़ हिलाता तो पेड़ से गिरे आम जो पकड़ सकता वे उसी के होते।आज गांव में आम के पेड़ तो हैं पर न हिलाने वाले रहे न लोगो के पास इतना समय कि घंटो की मेहनत कर आम खाये जायें । वेदों से लेकर शतपथ व्राह्मण तक आम का जिक्र है कालिदास और कल्हण ने भी आम के बारे में लिखा है।

आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

प्रकृति से संवाद कराते जीवंत यात्रा वृत्तांत

''सूखा ताल नीचे गहरी खाई में था। उसके साथ-साथ ही पहाड़ की यह खड़ी दीवार थी, जिसके किनारे पर खड़े होने की हिम्मत नहीं की जा सकती थी। पहाड़ के टूटने की आवाजें दहशत भर देने वाली थीं। कच्चे पहाड़ में अटके हुए पत्थरों पर टिकी निगाहें..पत्थर अब गिरा कि तब। जहां चल रहे थे, पूरा पहाड़ कच्चा था। कच्चे पहाड़ पर चलते हुए डर लगता। एक पत्थर सरका नहीं कि ढेरों पत्थरों के सरकते जाने का खेल रास्ते भर देखते ही आए थे। बड़ी-बड़ी शिलाएं भी हल्के से इशारे पर सरक जातीं। जिस धार पर चढ़े थे उसके अंतिम छोर पर लंबा मैदान दिखाई दिया। सफ़ेद-भूरी बर्फ की चादर बिछी हुई थी। ग्लेशियर का कच्चापन भी जगह-जगह झांक ही रहा था। जिसने सचेत रहने की हिदायत दे दी - पोली बर्फ कब आगे बढ़ने से रोक दे और न जाने पाताल के किस कोने में सशरीर पहुंच जाएं। पहाड़ का वही कच्चापन। एकदम तीखी चढ़ाई। पत्थरों के लुढ़कने का खतरा यहां पहले से भी ज्यादा दहशत भरा।'' रोमांचित कर देने वाला यह अंश है काव्यांश प्रकाशन, ऋषीकेश से हालिया प्रकाशित यात्रा वृत्तांत संग्रह ''सफ़र हमारे'' में शामिल विजय गौड़ की किन्नौर घाटी सम्बंधी यात्रावृत्त 'अपने वतन का नाम बताओ' से। ऐसे ही 25 यात्रा वृत्तांत प्रस्तुत संग्रह में सहेजे गए हैं जिन्हें पढ़ते हुए पाठक पीठ पर पिट्ठू लादे और एक हाथ में पानी की बोतल तो दूसरे हाथ छड़ी पकड़े कभी बर्फ में आहिस्ता-आहिस्ता पांव जमाता है तो कभी किसी घने पेड़ के नीचे किसी चट्टान पर बैठ सुस्ताते हुए थर्मस से गर्मागरम चाय की चुस्कियां ले बची-खुची ऊर्ज़ा को समेट अगले पड़ाव की ओर लेखक के साथ-साथ कोई पहाड़ी गीत गाते बढ़ जाता है। अत्यधिक ऊंचाई पर आक्सीजन की कमी को अपने कमरे में बैठा पाठक भी अनुभव कर एकायक फ़ेफड़ों में खींचकर हवा भरता है। तो कभी माथे पर छलछला आई पसीने की बूंदें पोंछता है। यह अनुभूति यात्रा वृत्तांतों की जीवंतता का प्रतीक है। पुस्तक की सफलता प्रमाण है।

यात्रा वृतांत एवं डायरी के संचयन का परिणाम है ''सफर हमारे'' संकलन। काव्यांश प्रकाशन, ऋषिकेश से प्रबोध उनियाल के संपादन में प्रकाशित ''हमारे सफर'' यात्रा साहित्य पाठकों एवं घुमक्कड़ी के शौकीनों के बीच पढ़ी एवं सराही जा रही है। पुस्तक में संग्रहीत यात्रा वृत्तांत एक लंबे कालखंड की नुमाइंदगी करते हुए पाठकों के सम्मुख तत्कालीन परिदृश्य का जीवंत दृश्य उपस्थित करते हैं। इसमें एक तरफ वर्ष 1985 में की गयी पिंडारी ग्लेशियर की खतरनाक यात्रा में लेखक प्रमोद साह के मौत के मुंह से बचने की दास्तान है तो 1994 में अनूप साह की दुर्गम 'ट्रेल्स पास' की यात्रा का रोंगटे खड़े कर देने वाला विवरण भी है। गीता गैरोला के लेख 'कई सफ़र अभी बाकी हैं में



विचार बिन्दु

प्रस्तुत संग्रह ''सफर हमारे'' में शामिल यात्रा वृतांत एवं डायरी लेखन की 25 कथाओं में 13 पर्वतीय क्षेत्रों देवभूमि उत्तराखंड एवं हिमाचल से सम्बंधित हैं जिनमें ग्लेसियर, चोटियों, दरीं, बुग्याल (घास के मैदान) और पर्वतीय मेलों की यात्राओं के मनोहारी वर्णन से पाठक तृप्त होता है। चार-पांच वृत्तांत यूरोप की यात्राओं से जुड़े हैं। तो एक यात्रा विवरण पिरामिडों की धरती मिस्र से है। एक यात्रावृत्त दक्षिण भारत की सैर कराता है तो एक दूसरी यात्रा हिमाच्छादित अंटार्कटिक में स्थापित भारत के शोध केंद्र मैत्री की झांकी पाठकों के सामने रखता है।

प्रमोद दीक्षित मलय

अनसूया के मेले की आनन्द वर्षा भी है। दूसरी तरफ वर्ष 2017 में 'हिमाचल की राह से' यात्री वाचस्पति की लेखनी से निकला शब्दों का जादू अनुभव करिए या फिर उमेश पंत की 'केदारकांठा की यात्रा में 12600 फीट की ऊंचाई पर बिताए और कैमरे में कैद समय के चित्र या फिर 17500 फीट ऊंचे लांगमाला दर्रे के पार सिकल ग्लेसियर से 'आसमान तक पहुंचे शिखर' में तिब्बत और नेपाल की पहाड़ी संस्कृति की झलक यात्री शेखर पाठक की जुबानी। पर्वतों की चढ़ाई से मन उकताए-ऊबे तो अपनी ओर बुलाते हैं यूरोपीय देश जिसमें आप जितेन्द्र शर्मा के साथ 'विलियम वर्ड्सवर्थ के गांव में' जा सकते हैं या फिर शालिनी जोशी के साथ 'एक दिन एम्स्टर्डम' में घूम-टहल विशाल नहर-जाल का दर्शन कर खुशी सहेज सकते हैं। या फिर चंद्रनाथ मिश्र के साथ निकल जाइए 'मेरी यूरोप यात्रा' में ब्रिटेन, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, इटली और आस्ट्रिया की सड़कों पर। कुल मिलाकर एक से बढ़कर एक रुचिपूर्ण यात्रा वृत्तांत। तो साथियो इन यात्राओं के द्वारा देश-विदेश के भूगोल को तो नापा ही गया है साथ ही इतिहास के पन्ने भी खंगाले गए हैं। लेकिन ये यात्राएं इस इतिहास-भूगोल से इतर जन सामान्य के जीवन के स्पंदन को महसूस कराती हैं तो संस्कृति से संवाद करती स्वर्णिम अतीत के गवाक्ष भी खोलती हैं। यह यात्राएं साहस, रोमांच, निर्भयता एवं धैर्य की सीढ़ियों से होते हुए अपने मंजिलों तक पहुंचती हैं तो कदम-कदम में विद्यमान खतरों, बाधाओं, चुनौतियों एवं अवरोधों से जूझते कदमों और थरथराते दिलों की सामर्थ्य की परीक्षा भी हैं। बकौल संपादक, ''यात्राएं आपकी दृष्टि में एक विशिष्ट सौंदर्य बोध विकसित करती हैं और आपको उन अनुभवों और अनुभूतियों में ले जाती हैं जहां आप प्रकृति, पर्यावरण और समाज का हिस्सा या भागीदार ही नहीं उनके सहचर की भूमिका में भी होते हैं। वे जितना बाहरी दुनिया को टटोलती हैं उतना ही आपके अंतर्मन को भी जागृत-झंकृत करती हैं। वहां ठहराव भी है और भटकाव भी। रोमांच भी और ऊब भी। थकान भी है और ऊर्ज़ा भी। स्वप्न भी हैं और यथार्थ।''

247 पृष्ठों में बिखरी 25 रोमांचक एवं साहसिक यात्रा कथाएं पाठक के सामने देश-दुनिया का नवल क्षितिज प्रस्तुत करते हुए तमाम अनचीन्हे अनजाने नयनाभिराम स्थलों से रूबरू कराती हैं तो वही नए रास्ते तलाशती हैं। यात्राएं व्यक्ति को गढ़ती हैं, बदलती हैं। यात्राओं से तन-मन को न केवल सुख-शांति एवं ताजगी मिलती है बल्कि देश-दुनिया को देखने-समझने की एक नई डगर और नया नजरिया भी मिलता है। यात्राएं पुरा मान्यताओं एवं रूढ़ियों की गांठें खोलती हैं। वास्तव में यात्राएं व्यक्ति के मन-मस्तिष्क में एक खिड़की खोलती हैं जिससे स्वच्छ और ताजी हवा जेहन में प्रवेश कर सके और यह हवा है विचार की, लोक चेतना की, अतीत के गौरव एवं समृद्धि से साक्षात्कार की तथा नवीन के प्रति आकर्षण एवं सम्मान की। इसलिए पारंपरिक लीक को तोड़ती हुई ये यात्राएं जोखिम उठाते हुए नई धाराओं को जन्म देती हैं जिनमें रहस्य, रोमांच और बाधाओं की उछलती लहरें यात्रियों को अवगाहन करने हेतु आमंत्रण एवं चुनौती देती रहती हैं। इन लहरों में ही समय सवार होकर लोक की यात्रा करता है। असगर वजाहत अपने लेख ''टूरिज्म नहीं सोशल टूरिज्म'' में कहते हैं, ''मेरी आंखें सदा नये दृश्यों की तलाश में रहती हैं। नया दृश्य कुछ नया सोचने की प्रेरणा देता है। जो नया है वह रोचक है और उसे समझना एक चुनौती। नये देखें और समझे को लिखना या दूसरों को बताना एक और बड़ी चुनौती है।'' अर्थात यात्रा नवीनता की खोज भी हैं।

प्रस्तुत संग्रह ''सफर हमारे'' में शामिल यात्रा वृतांत एवं डायरी लेखन की 25 कथाओं में 13 पर्वतीय क्षेत्रों देवभूमि उत्तराखंड एवं हिमाचल से सम्बंधित हैं जिनमें ग्लेसियर, चोटियों, दरीं, बुग्याल (घास के मैदान) और पर्वतीय मेलों की यात्राओं के मनोहारी वर्णन से पाठक तृप्त होता है। चार-पांच वृत्तांत यूरोप की यात्राओं से जुड़े हैं। तो एक यात्रा विवरण पिरामिडों की धरती मिस्र से है। एक यात्रावृत्त दक्षिण भारत की सैर कराता है तो एक दूसरी यात्रा हिमाच्छादित अंटार्कटिक में स्थापित भारत के शोध केंद्र मैत्री की झांकी पाठकों के सामने रखता है जहां शरदकाल में 24 घंटे रात होती है। शेष यात्रा विवरण मिली-जुली यात्राओं और यात्रा सम्बंधी विचारों से पाठकों के मन को समृद्ध करते हैं। पुस्तक की छपाई आंखों को सुख देती है।?कागज नेचुरल शेड उच्च गुणवत्ता का है और बाईंडिग परफ़ेक्ट मजबूत। पुस्तक पठनीय एवं संग्रहणीय है। तो सोच क्या रहे हैं, किताब मंगाए और पढ़ना शुरू करिए।

पोक्सो कानून- यौन अपराधों से बच्चों का सरंक्षण करने संबंधी अधिनियम

पोक्सो, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम का संक्षिप्त नाम है।पोक्सो एक्ट-2012 के अंतर्गत बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे जघन्य अपराधों को रोकने के लिए, महिला और बाल विकास मंत्रालय ने पोक्सो एक्ट-2012 बनाया था। वर्ष 2012 में बनाए गए इस कानून के तहत अलग-अलग अपराध के लिए अलग-अलग सजा तय की गई है। पास्को अधिनियम की धारा 7 और 8 के तहत वो मामले पंजीकृत किए जाते हैं जिनमें बच्चों के गुप्तांग से छेडछाड़ की जाती है, इस धारा के आरोपियों पर दोष सिद्ध हो जाने पर 5 से 7 साल तक की सजा और जुर्माना हो सकता है। इस एक्ट को बनाना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि बच्चे बहुत ही मासूम होते हैं और आसानी से लोगों के बहकाबे में आ जाते हैं। कई बार तो बच्चे डर के कारण उनके साथ हुए शोषण को माता पिता को बताते भी नही है। यौन शोषण की परिभाषा- इसमें यौन उत्पीड़न और अश्लील साहित्य, सेक्सुअल और गैर सेक्सुअल हमला को शामिल किया गया है। 1। इसने भारतीय दंड संहिता, 1860 के अनुसार सहमती से सेक्स करने की उम्र को 16 वर्ष से बढाकर 18 वर्ष कर दिया है।इसका मतलब है कि यदि कोई

व्यक्ति (एक बच्चा सहित) किसी बच्चे के साथ उसकी सहमती या बिना सहमती के यौन कृत्य करता है तो उसको पोक्सो एक्ट के अनुसार सजा मिलनी ही है। यदि कोई पति या पत्नि 18 साल से कम उम्र के जीवनसाथी के साथ यौन कृत्य कराता है तो यह अपराध की श्रेणी में आता है और उस पर मुकदमा चलाया जा सकता है। यह अधिनियम पूरे भारत पर लागू होता है और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यौन अपराधों के खिलाफ संरक्षण प्रदान करता है।

पोक्सो कनून के तहत सभी अपराधों की सुनवाई, एक विशेष न्यायालय द्वारा कैमरे के सामने बच्चे के माता पिता या जिन लोगों पर बच्चा भरोसा करता है, उनकी उपस्थिति में की कोशिश करनी चाहिए। यदि अभियुक्त एक किशोर है, तो उसके ऊपर किशोर न्यायालय अधिनियम, 2000 (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) में मुकदमा चलाया जाएगा। पीड़ित बच्चा विकलांग है या मानसिक रूप से या शारीरिक रूप से बीमार है, तो विशेष अदालत को उसकी गवाही को रिकॉर्ड करने या किसी अन्य उद्येश्य के लिए अनुवादक, दुभाषिया या विशेष शिक्षक की सहायता लेनी चाहिए। यदि अपराधी ने कुछ ऐसा अपराध किया है जो कि बाल अपराध कानून के अलावा अन्य कानून में भी अपराध है तो अपराधी को सजा उस कानून में तहत होगी जो कि सबसे सख्त हो। इसमें खुद को निर्दोष साबित करने का दायित्व अभियुक्त (थददफ्रद्गद) पर होता है। इसमें झूठा आरोप लगाने, झूठी जानकारी देने तथा किसी की छवि को ख़राब करने के लिए सजा का प्रावधान भी है।

राजकुमार गुप्ता

मेवाड़ रो राणा

वो मेवाड़ रो राणा ,
वो प्रताप महाराणा।
मां जयवंता बाई रो,
वो लाडलो राणा।।

जन्म दिया उस क्षत्राणी ने ,
वो सिसोदिया राणा।
उदयसिंह जैसे वीर पिता,
पितामह महा सांगा राणा।।

एकलिंग जी का प्रसाद ,
हिंदुआ सूरज अवतार हुआ।
वो किका ,कूका, मेवाड़ केसरी,
हल्दीघाटी का शेर हुआ।।

मुगली सत्ता ने बहुत सताया,
जमीर बेच दरबार में आओ।
जलाल भगवंत टोडरमल,
मानसिंह कहे सूबेदार बन जाओ।।

शाही दरबार ने तंग किया,
हल्दीघाटी में जंग किया।
देशभक्ति की खातिर,
बलिदान राणा ने अंग अंग किया।।

एक तरफ थी मातृभूमि,
दूसरी तरफ सुख विशाल ।
मां भारती की लाज बचाने,
वो बन गया था मिसाल।।

घास की रोटी खाई राणा ने,
देशभक्ति की मशाल लिए ।
अंधेर गुफा में सोया था वो,
राष्ट्रप्रेम की ज्वाल लिए।।

देश प्रेम की खातिर राणा ने,
मेवाड़ी पगड़ी की शान रखी,
रुखा सुखा भूखा प्यासा रह,
मां भारती की आन रखी।।

अब बहुत जरूरत है,
उन महाराणा प्रतापों की,
देश भक्ति में मग्न रहे ,
उन मेवाड़ी जज्बातों की।।

अब सोना चांदी पैसा डॉलर,
राष्ट्रप्रेम पर भारी है।
मां भारती अब भाड़ में जाए,
देश भक्ति में भ्रष्टाचार जारी है।।

ओ मां जयवंता बाई,
सुन लो मेरी पुकार ।
अब जरूरत है राणा की,
पैदा कर दो री सरदार।।

सुंदरलाल
उप निरीक्षक
राजस्थान पुलिस

आधी आबादी को रास्ता चाहिये -भेदभाव नहीं

विचार बिन्दु

निर्मल रानी

धर्म जाति के आधार पर सौतेले रवैय्ये का ताज़ातरीन उदाहरण पिछले दिनों पुनः देखने को मिला जबकि तुर्की के इस्तांबुल में मुक्केबाज़ी में भारत की निकहत ज़रीन ल्लविश्व चैंपियनङ्क बनी।

पिछले दिनों संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सिविल सेवा परीक्षा 2021 के परिणाम घोषित हुये। यूपीएससी द्वारा चुने गये उम्मीदवारों की जो सूची जारी की गयी उसके अनुसार श्रुति शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि श्रुति शर्मा के अतिरिक्त तीन अन्य महिला उम्मीदवारों अंकिता अग्रवाल, गामिनी सिंगला तथा ऐश्वर्या वर्मा ने क्रमशः दूसरा, तीसरा और चौथा स्थान हासिल किया। गोया महिला उम्मीदवारों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित सिविल सेवा की सूची में पुरुषों को सीधे पांचवें स्थान पर धकेल दिया। इनमें कई लड़कियां ऐसी भी हैं जिन्होंने अभावग्रस्त पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद केवल अपनी योग्यता,कठोर परिश्रम व लगन के बल पर इतना ऊँचा मुक़ाम हासिल किया। इस परिणाम ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि अवसर मिले तो महिलायें,क्या कुछ न कर दिखायें। यू पी एस सी की योग्यता सूची में आने वाली इन चारों लड़कियों के अतिरिक्त चुनी गयी सभी लड़कियां उच्च प्रशासनिक पदों पर तैनात होकर राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देंगी। इन्हें इसके बदले में उच्च मानदेय के अतिरिक्त अनेक प्रकार की सुविधाएं गाड़ी बंगला ऑफ़िस नौकर चाकर सब कुछ प्राप्त होगा। पूरे सेवाकाल तक प्राप्त होगा और अवकाशप्राप्ति के बाद भी पेंशन आदि नियमानुसार मिलती रहेगी।

शिक्षण क्षेत्र की प्रतिभाओं से अलग, खेल कूद की अनेक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी विजय पताका फहराकर अपने देश का नाम पूरे विश्व में रोशन करने वाले प्रतिभागियों को सरकारी सेवाओं में अवसर दिये जाने अथवा पेंशन आदि का चूँकि प्रायः कोई प्रावधान नहीं है। इसीलिये देश का नाम रौशन करने वाले ऐसे होनहारों के लिये केंद्र व राज्य सरकारें अनुकंपा के आधार पर उन्हें पर्याप्त धनराशियां उनके पदक व विजयी श्रेणी के अनुसार आवंटित करती रहती हैं। विभिन्न राज्य सरकारों ने इस तरह के प्रतिभागियों के लिये पदक व श्रेणी के अनुसार अलग अलग धनराशियां निर्धारित भी की हुई हैं। ओलंपिक अथवा विश्व विजेता प्रतिभागियों के लिये तो कई बार सरकारें ख़ुश होकर 'धनवर्षा ' कर देती हैं। उन्हें बांग्ला,प्लॉट करोड़ों रुपयों की प्रोत्साहन राशि यहाँ तक कि सरकारी सेवाओं तक से नवाज़ा जाता है। ज़ाहिर है इसतरह के प्रोत्साहन से खिलाड़ी प्रतिभागियों के हौसले बुलंद होते हैं,अन्य बच्चे इन्हें देखकर प्रेरणा लेते हैं और वे भी आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं।

परन्तु यह हमारे देश का कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि धर्म-जाति की बेड़ियों में जकड़े इस देश का एक बड़ा सांप्रदायिकतावादी व जातिवादी वर्ग खेल कूद प्रतिभागियों के प्रदर्शन को भी उनकी जाति व उनके धर्म के चश्मे से देखता है ? यदि टीम पराजित हो तो यह वर्ग उसका ज़िम्मा अपनी सुविधानुसार जाति या धर्म विशेष पर लगाने की कोशिश करता है और अगर वही खिलाड़ी पदक लेकर आये तो उसको प्रोत्साहित करने के बजाये उसके प्रति उदासीनता बरती जाये ? उसे प्रोत्साहन राशि व अतिरिक्त पुरस्कारों से वंचित रखा जाये ? खिलाड़ियों के साथ इस तरह का सौतेला व पक्षपातपूर्ण बरताव करने के बाद जनता या सरकार यह कैसे उम्मीद कर सकती हे कि देश की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं में बढ़ोतरी हो ?और भारतीय तिरंगा विश्व फ़लक पर फहराता दिखाई दे ? याद कीजिये अगस्त 2021 में जब ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से मैच हार गयी थी उसके कुछ ही देर बाद स्वयं को कथित ऊंची जाति का बताने वाले कुछ तत्व हरिद्वार के एक गांव में रहने वाली भारतीय टीम की हॉकी खिलाड़ी वंदना कटारिया के घर पहुँच कर उसके दरवाज़े के बाहर कपड़े उतार कर नाच नाच कर पटाख़े फोड़ने लगे थे। इतना ही नहीं उन्होंने वंदना कटारिया व उसके परिवार पर जातिगत टिप्पणियां की। उन्हें गालियां दीं व अपमानित किया गया। वंदना के परिजनों के अनुसार आक्रोशित व्यक्तियों का कहना था कि भारत मैच इसलिये हार गया क्योंकि भारतीय टीम में बहुत अधिक दलित खिलाड़ी थे.'इतना ही नहीं बल्कि वे यह भी कह रहे थे कि केवल हॉकी में से ही नहीं बल्कि हर खेल में से दलितों को बाहर निकाल देना चाहिए। ' जिस देश में दलितों को सफलता पाने पर किसी अतिरिक्त प्रोत्साहन की कोई व्यवस्था न हो वहां किसी हार का ज़िम्मा किसी खिलाड़ी पर केवल इसलिये थोपना कि वह किसी जाति या धर्म विशेष से सम्बद्ध है,यह आख़िर कहाँ का न्याय है ? क्या कभी किसी कथित ऊंची जाति के खिलाड़ी के घर पर भी किसी समाज विशेष के लोगों ने इसलिये प्रदर्शन व हंगामा खड़ा किया कि उसके चलतेअमुक मैच या प्रतियोगिता हार गयी ?

कम हो तनाव तो केश रहे लाजवाब

चिंता चिता के समान होता है, जितनी जल्दी जला दें अच्छा है। यहां तो चिंताओं के बीच ही लोग जीवन-यापन के तौर-तरीके सीखते हैं। किसी की जेब में पैसे नहीं है तो किसी को नौकरी की चिंता सता रही है। इसी चिंता की चिता में नौजवानों के बाल जल रहे हैं। केशों का टूटना या यों कहें कि गंजापन की अंधी दौर चल पड़ी है। जिसमें बहुत कम ही लोग सुरक्षित हैं। ऐसे में भी डॉक्टर मानते हैं कि बाल गिरना एक चिकित्सकीय बीमारी है, जिसका निदान संभव है। हेयर ट्रांसप्लांट व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित शर्मा कहते हैं कि बाल कम होने के अनेकों कारण है। पैसों की कमी के बीच भी जीवन तनाव मुक्त जीया जा सकता है। खानपान का भी केश पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। डॉक्टर मानते हैं कि शुरू से ही कुछ चीजों का खयाल रखें तो गंजेपन की समस्या से बचा जा सकता है। बाल गिरने की रोकथाम करने और उपचार के लिए एक कारगर व सुरक्षित विकल्प के लिए डॉक्टर की सला ले सकते हैं।

रुसी या सिकरी है झड़ने का मूल कारण

सर की त्वचा में कुपोषण या रूखेपन के कारण जड़ों की त्वचा सूख कर झड़ने लगती है। जिसे सामान्य भाषा में रुसी या सिकरी कहा जाता है। रुसी होने पर बाल झाड़ने शुरू हो सकते हैं।

सिर को साफ रखें

फंगल संक्रमणों से बचने के लिए अपने सिर को साफ रखें। अपने बालों को नियमित रूप से धोने, गंदगी को साफ करने और ज्यादा तेल की वजह से सिर की त्वचा के बंद हो जाने वाले छिद्रों को खोलने के लिए किसी हल्के शैम्पू का इस्तेमाल करें। आप अपने बालों को मुलायम बनाने और उलझने से रोकने के लिए किसी सौम्य कंडीशनर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। सौम्य और प्राकृतिक हेयरस्टाइल तकनीकों का चुनाव करें।

रुसी या सिकरी का उपचार

बाल धोने के आधा घटे पूर्व एक-दो नीबू काटकर बालों में मल लें तथा हल्के गरम पानी से सर धो लें। इससे रुसी का सफाया हो जाता है। दो किलो पानी में नींबू रस निचोड़कर एक सप्ताह तक प्रतिदिन अच्छी प्रकार से केश धोएं। नारियल के तेल में तेल से आधा कपूर, नीबू का रस मिलाकर जड़ों में हलकी मालिश करें और रोज मोटे दात वाले कंघे से हल्के हाथों से मालिश करें। बालों को साबुन से न धोकर रीठा से धोएं।

बाल कम होने के कारण



चिंता, लंबी बीमारी या शैल्यक्रिया के कारण तनाव होना। प्रोटीन, आयरन, जिंक या बायोटिन जैसे आवश्यक पोषक पदार्थो की कमी होना। लिहाजा पोषक तत्वों से भरे खाद्य पदार्थो को तरजीह दें। यौन हार्मोनों के स्तर में अचानक बदलाव आना, मसलन महिलाओं में डिलीवरी के बाद। सिर में फंगल संक्रमण होना। हेयरड्रेसिंग (केश सज्जा) तकनीकों का इस्तेमाल करना, जैसे - कसकर गूंथना, मोड़ना या बालों को अत्यधिक तापमान में रखना। ब्लीचिंग, कलरिंग और परमिंग, जैसे - प्रबल रसायनों के इस्तेमाल से बालों का उपचार करना। ये बालों की जड़ों को कमजोर करते हैं और इसके कारण बाल टूटते और झड़ते हैं। एंटीबायोटिक्स, बीटा ब्लॉकर्स और कॉर्टीसोंस जैसी औषधियां लेना। कीमोथेरेपी बालों की कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।

बालों का खयाल रखने के नुस्खे

हेलमेट, कंघियों, हेयरब्रशों और टोपियों को दूसरे लोगों के साथ साझा न करें। बाल गीले हों तो इन पर ब्रश या कंघी न करें। या बहुत कसकर ब्रश नहीं करें। चिंता, अवसाद और अत्यधिक उलेजना पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्यवर्द्धक और संतुलित आहार लें। हरी सब्जियां, नारियल, सोया, मछली, अंडे, लीवर और बादाम तथा अखरोट जैसी गिरियां आपके बालों को अच्छा पोषण प्रदान कर सकती है।

हैप्पी रहने के 9 मंत्र

- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं।
- एक कहावत है कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में कई घंटे बीत जाते हैं। इसलिए दूसरों को हंसने का अवसर अवश्य प्रदान करें।
- सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन दिखाई देने वाले काम आसानी से संपन्न हो जाते हैं। यदि आप अपने मन में सकारात्मक भाव जाग्रत करेंगी तो आपका हर काम आसानी से पूरा हो जाएगा।
- अपनी छोटी-बड़ी हर उपलब्धि का जश्न मनाएं। कभी भी इस इंतजार में छोटी उपलब्धि को दरकिनार न करें कि जब बड़ी उपलब्धि हासिल होगी तो जश्न मनाएंगी।
- तन की सुंदरता के बजाय मन की सुंदरता को महत्व दें। तन की सुंदरता तो कुछ वर्ष्षो की मेहमान है, जबकि मन की सुंदरता तो हमेशा साथ रहेगी।
- अपने आसपास के लोगों पर विश्वास करें। यदि आप हरेक को शंकालु दृष्टि से देखेंगी तो जिंदगी का आनंद उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- कौन कैसा है इस बात पर ज्यादा दिमाग न लगाएं। इसके बजाय इस बात पर ध्यान केंद्रित करें कि आप अपने को और अच्छा कैसे बना सकती हैं।
- जो बात दिल में हो उसे कहने में संकोच न करें। कई बार हम अपने दिल की बात जुबां पर नहीं ला पाते और हमें बाद में पछताना पड़ता है।
- बिस्तर पर जाने से पहले सारी चिंताओं को अलग कर दें और बेफ्रिक होकर लेटें।

त्वचा कहे नो चिपचिप

तैलीय और चिपचिपी त्वचा चेहरे के आकर्षण को कम कर देती है, लेकिन ऐसी त्वचा की अगर सही देखभाल की जाए तो वह निखर उठेगी। इसके लिए आप यहां दिए कुदरती उपायों को अपनाएं। त्वचा का तैलीय होना सिबेशियस ग्लैंड्स के अत्यधिक सक्रिय होने का नतीजा होता है। त्वचा की कोमलता बरकरार रखने के लिए प्राकृतिक तेल जरूरी है, पर जब तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल का सिक्रीशन करती हैं तो एक्ने और मुंहासों की समस्या शुरू हो जाती है। ऐसे में धूल-मिट्टी और प्रदूषण के कारण त्वचा के छिद्र भी बंद हो जाते हैं। अगर आप भी तैलीय त्वचा से परेशान हैं तो यहां दिए गए कुदरती उपायों को अपनाएं और पाएं साफ-सुथरी व निखरी त्वचा।

6 टिप्स हैल्दी त्वचा के लिए

- सेब को छीलकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद हलके गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। सेब एएचए का बेहतरीन स्रोत होता है, जो त्वचा को टोन करता है। उसे मुलायम और कांतिमय बनाता है।
- एक टी स्पून चंदन पाउडर में गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बनाएं। फिर उसे चेहरे पर लगाएं। सूखने पर पानी से धो लें। इससे त्वचा के दाग-धब्बे और एक्ने भी दूर होंगे।
- 1 टी स्पून बेसन में चुटकी भर हल्दी पाउडर, आधा नीबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अगर आपको नीबू सूट नहीं करता है तो उसकी जगह पर दही मिला सकती हैं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर लगाएं। सूखने पर हलके हाथों से मलते हुए छुड़ाएं। यह त्वचा का कालापन दूर करता है। हल्दी त्वचा की चमक बरकरार रखती है।
- तैलीय त्वचा को भी मॉयस्चराइजर की जरूरत होती है और इसके लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकती हैं। शहद एक बेहतरीन कुदरती मॉयस्चराइजर होता है। इसे चेहरे पर 15 मिनट लगाएं। फिर धो लें। यह त्वचा की जलन, मुंहासे और कालेपन को दूर करता है। साथ ही उसे कांतिमय और लचीली बनाता है।
- 1 टेबल स्पून चावल के आटे में 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और नीबू के रस की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। फिर भीतर से बाहर की तरफगोलोई में हाथ घुमाते हुए कुछ देर मसाज करें। चावल का आटा डेड सेल्स हटाता है। त्वचा के छिद्र भी खोलता है, ताकि साफऑक्सीजन त्वचा के भीतर जा सके।
- 1 टेबल स्पून मुलतानी मिट्टी में अंडे की सफेदी, 1 टेबल स्पून ओट्स पाउडर, 1 टेबल स्पून कॉर्नफ्लोर और गुलाबजल मिलाकर गाढ़ा पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें।

खीरे से बना फेस पैक फायदेमंद

यदि आपकी त्वचा तैलीय है तो खीरे का फेस पैक आपके लिए बहुत अच्छा एक अच्छा फेस पैक है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए एक खीरे में एक अंडे की सफेदी, 1 चम्मच नींबू का रस और पुदीने की 5-6 पत्तियों को मिलाकर पीस लें। अब इसे 10 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। उसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएँ और कुछ देर बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें।

चंदन एक फायदे अनेक

कीलमुंहासों के ठीक होने के बाद चेहरे पर किसी प्रकार के दागधब्बों को भी चंदन के लेप से साफ़ किया जा सकता है। चंदन का लेप केवल कीलमुंहासों को, ठीक नहीं करता बल्कि त्वचा को साफ़ कर नमी भी प्रदान करता है। 1 चम्मच चंदन पाउडर में आधा चम्मच पाउडर मिला कर पेस्ट बना कर चेहरे पर 20 मिनट लगाए रखने से केवल कीलमुंहासे कम नहीं हो, आप का चेहरा भी खिलाखिला प्रतीत होता है। बराबर मात्रा में चंदन पाउडर हलदी पाउडर मिला कर थोड़े दूध के साथ पेस्ट बनाएं, इस में चुटकी भर कपूर भी मिलाएं। इस लेप की चेहरे पर मालिश कर रात भर लगा रहने दें। इस से आप को ठंडक के एहसास के साथसाथ चेहरे के दागधब्बे दूर होने का फायदा भी मिलेगा।

साइड इफैक्ट नहीं

चंदन का प्रयोग प्राचीन काल से चला आ रहा है। खासकर आयुर्वेद में चंदन का प्रयोग खूब किया गया है। किसी प्रकार का घाव, फोड़ेफुंसी, कटनाछिलना आदिसभी पर चंदन के लेप से आराम मिलता है। यह एक कीमती पेड़ है, जो दक्षिण भारत में ज्यादातर पाया जाता है। चंदन का उबटन शादी से पहले नववधू लगाती है ताकि उस के चेहरे और काया की चमक बनी रहे। यह एक प्राकृतिक पदार्थ है, इसलिए इस के नियमित प्रयोग से किसी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं होता।

इस की खूबियाँ

चंदन में कीटाणुनाशक विशेषता होने की वजह से यह हर्बल एंटीसेप्टिक है, इसलिए किसी भी प्रकार के छोटे घाव और खरोंच को ठीक करता है। यह जलने से हुए घाव को भी ठीक कर सकता है।

शरीर के किसी भाग पर खुजली होने पर चंदन पाउडर में हल्दी और एक चम्मच नीबू का रस मिला कर लगाने से खुजली तो दूर होगी ही, साथ में त्वचा की लालिमा भी कम होगी। चंदन का तेल सूखी त्वचा के लिए गुणकारी होता है। यह सूखी त्वचा को नमी प्रदान करता है।



पथरी से सावधान

पेशाब की पथरी पेशाब में उपस्थित लवणों व खनिजों के जमाव से बनते हैं। ये आमतौर पर मध्य आयु यानि की चालीस साल या उसके बाद पता लगने शुरू होते है। जब लवणों और खनिजों की परतें विभिन्न जगहों पर जमा होती जाती हैं तो इन पत्थरों का आकार बढ़ता जाता है। ये पत्थर आमतौर पर कैल्शियम के फास्फेट और ऑक्जेलेट होते हैं। ये सभी लवण और खनिज खाने की चीजो व पानी से शरीर में आए होते है। कुछ सब्ज़ियाँ जैसे पालक, अरबी के पत्ते और टमाटरों में बहुत अधिक लवण होते हैं। जमीनी पानी में भी काफी सारे लवण होते हैं। कुएँ या बोरवेल का पानी यह भी पथरी बनने का कारण होता है। ये लवण धीरे-धीरे करके शरीर में जमा हो जाते हैं और पत्थर बना लेते हैं। पेशाब के पत्थर आकृति और आकार में अलग-अलग होते हैं। आमतौर पर ये उसी जगह का आकार ले लेते हैं जिसमें ये बनते हैं। इसलिए मूत्रवाहिनी के पत्थर लम्बे होते हैं और मूत्राशय में बने पत्थर गोल होते हैं। गुर्दे में बने पत्थर या तो कीप के आकार के होते हैं या अनियमित आकार के जैसे कि हिरण के सींग। फोस्फेट और कॉर्बोनेट के पत्थरों की सतह मुलायम होती है और ऑक्सेलेट के पत्थरों की खुरदुरी। इस कारण से ऑक्सेलेट के पत्थरों के कारण खून भी निकल सकता है। कुपोषित बच्चों के मूत्राशय में कभी कभी बड़े-बड़े पत्थर बन जाते हैं। ये कुपोषण के कारण शरीर के प्रोटीन के टूट जाने के कारण बनते है। जिसमें पेशाब में फालतू पदार्थे का जमाव हो जाता है। ये कण लवणों के और जमाव के लिए केन्द्रक के रूप में काम करते हैं। पत्थर नींबू समान बड़े भी हो सकते हैं।

गुर्दे की कीप में पत्थर

गुर्दे की कीप में पत्थर कई सालों तक महसूस हुए बिना शरीर में पड़े रह सकते हैं। अक्सर उस व्यक्ति को पता लगने से कही पहले गुर्दे खराब हो चुके होते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि यह बीमारी काफी धीमी होती है और एक गुर्दे के खराब होने पर दूसरा उसका काम चला लेता है। कुछ मामलों में थोड़ी सी बेआरामी हो सकती है। यह गुर्दे के क्षेत्र तक ही सीमित होती है। और यह हल्का दर्द पीठ के तरफ ज़्यादा महसूस होता है। कभी-कभी कीप के क्षेत्र में पेशाब के इकट्ठे हो जाने के कारण गुर्दे सूज भी जाते हैं। कभी-कभी ऐसा बड़ा गुर्दा एक गांठ जैसे की हाथ से ही महसूस हो जाता है। कभी-कभी यह समस्या गुर्दे में संक्रमण के रूप में सामने आती है। कभी-कभी गुर्दे की पेशियाँ पत्थर को कीप से नीचे मूत्रवाहिनी की और धकेलती है। ऐसे में एक खास तरह का तेज पेट दर्द नीचे की ओर जाता हुए महसूस होता है। यह दर्द लहरों के रूप में उठता है।

दर्द

मूत्रवाहिनी शूल (दर्द) एक खास तरह का दर्द है जो इस तरह की पथरी से होता है। दर्द पेट में मूत्रतंत्र तक सीमित होता है। यह पेट की मध्यरेषा के दायें या बाएँ ओर होता है। रोगी दर्द से कराहता है। वो या तो उस क्षेत्र को दबाकर या फिर एक तरफ को लेटकर दर्द को दबाने की कोशिश करता है। दर्द मूत्रमार्ग की ओर बढ़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूत्रनलिका और मूत्रवाहिनी की तंत्रिकाओं की जुड़ी समान होती हैं।

मूत्राशय में पथरी

पेशाब करना थोडा मुश्किल होता है। ये पत्थर मुख्यत: मूत्रवाहिनी से आते है। कभी-कभी सीधे मूत्राशय में भी पत्थर बन सकता है। कुपोषित बच्चों में ऐसा होता है। इसके लक्षणों में मुख्यत: मूत्राशय शोथ या पेशाब अटकना शामिल है। मूत्राशय शोथ में खास तरह की जलन, और ऐठन वाला दर्द, बुखार, पेशाब में गन्दलापन और बार-बार पेशाब करने की इच्छा होती है। मूत्राशय में हुए पत्थरों से कुछ रोगियों के पेशाब में रक्त स्त्राव दिखाई देता है। मूत्राशय के पत्थरों के कारण पेशाब रूकने की एक खास विशेषता है रोगी की स्थिति से इसका सम्बन्ध। जब रोगी खड़ा होता है या पेशाब करने के लिए बैठा होता है उस समय ये पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह पर गेंद की तरह पड़ा रहता है रोगी जितना ज़्यादा जोर लगाता है उतना ही ज़्यादा रोक लगती है। परन्तु अगर रोगी लेटे लेटे पीठ के बल या करवट से पेशाब करने की कोशिश करे तो पत्थर मूत्राशय के निकास मुँह से लुढ़क जाता है। इससे पेशाब बाहर निकल सकती है। कभी-कभी छोटे पत्थर या कंकड़ बड़े पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े मूत्रमार्ग में से निकल जाते हैं।

मुल्तानी मिट्टी जरूर इस्तेमाल करें

अगर आप महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट, शैम्पू, ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करते हुए थक चुकी हैं, फिर भी आपको कोई फ़ायदा नहीं हुआ है तो एक बार मुल्तानी मिट्टी ज़रूर इस्तेमाल करके देखें। जानी-मानी सौन्दर्य विशेषज्ञ भारती तनेजा का कहना है कि मुल्तानी मिट्टी सौन्दर्य का ख़ज़ाना है। ये नेचुरल कंडीशनर भी है और ब्लीच भी। ये सौन्दर्य निखारने का सबसे सस्ता और आयुर्वेदिक नुस्खा है। साथ-ही मुल्तानी मिट्टी सभी फेस पैक का बेस होती है। चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी का लेप लगाने से रंगत निखरती है और बालों में लगाने से वे घने, मुलायम और काले हो जाते हैं। मुहांसों की समस्या से परेशान लोगों के लिए तो मुल्तानी मिट्टी सबसे कारगर इलाज है, क्योंकि मुल्तानी मिट्टी चेहरे का तेल सोख लेती है, जिससे मुहांसे सूख जाते हैं। तैलीय त्वचा के लिए मुल्तानी मिट्टी में दही और पुदीने की पत्तियों का पाउडर मिला कर उसे आधे घंटे तक रखा रहने दें, फिर अच्छे से मिला कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। सूखने पर हल्के गर्म पानी से धो दें। ये तैलीय त्वचा को चिकनाई रहित रखने का कारगर नुस्खा है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी पाउडर में एक अंडे का सफेद भाग और पुदीने की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें। ये पैक हफ्ते में तीन बार लगाएं।



शाहरुख ने शुरू की 'किंग' की शूटिंग?

मुंबई। साल 2023 शाहरुख खान के लिए सबसे खास रहा। पूरे साल बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख की फिल्मों का जादू चला। बीते साल रिलीज हुई अभिनेता की तीन फिल्में 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' ने दर्शकों का दिल जीता, जिसके बाद से प्रशंसक बेसब्री से अब उनकी अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, शाहरुख की अगली फिल्म 'किंग' है, जिसमें वे अपनी बेटी सुहाना के साथ अभिनय करते नजर आएंगे। उन्होंने सुजॉय घोष के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'किंग' पर काम करना शुरू कर दिया है।

लाइफ Style

डेजी शादी की खबरों पर तोड़ी चुप्पी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में ई-टाइम्स के साथ बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब कोई अफवाह शादी तक पहुंच गई हो। इससे पहले भी ऐसी खबरें आती रही हैं। शिव और मेरे बीच कुछ भी नहीं है। हम बहुत अच्छे दोस्त हैं।

शिव ठाकरे आज छोटे पर्दे का एक जाना-माना नाम बन गए हैं। वो बिग बॉस 16 में दिखाई दिए थे और सलमान खान के इस रियलिटी शो ने उन्हें अच्छी पहचान दिलाई। इसके बाद वह खतरों से खेलते हुए रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी सीजन 13' में नजर आए। इस शो में उनकी पहचान एक्ट्रेस डेजी शाह से हुई। शो के दौरान दोनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। कई लोगों ने इनका बॉन्ड देखकर यह कयास लगाने शुरू कर दिए कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, इस मुद्दे पर कई बार एक्ट्रेस अपनी राय रख चुकी हैं। अब एक बार फिर उन्होंने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में ई-टाइम्स के साथ बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब कोई अफवाह शादी तक पहुंच गई हो। इससे पहले भी ऐसी खबरें आती रही हैं। शिव और मेरे बीच कुछ भी नहीं है। हम बहुत अच्छे दोस्त हैं। अफवाहें इसलिए उड़ रही हैं, क्योंकि एक समय था जब मैं इस इंडस्ट्री में आई थी, सब मेरे लिए बहुत नया था और किसी ने मेरा हाथ थामा और मुझे गाइड किया। इसके आगे एक्ट्रेस ने बात करते हुए कहा कि जब मैं शिव से मिली, तो उन्होंने मुझे रियलिटी शो में बारे में बताया।

हॉलीवुड मसाला

कैंसिल किया अपना समर टूर

लॉस एंजिलिस। जेनिफर लोपेज ने अपना 2024 का समर टूर कैंसिल कर दिया है। जेनिफर के टूर प्रमोटर ने इसकी जानकारी दी 'जिसमें उन्होंने लिखा 'जेनिफर अपने बच्चों परिवार और करीबी दोस्तों के साथ रहने के लिए समय निकाल रही हैं।' जेनिफर ने अपनी सिंगिंग और एक्टिंग के दम पर खुद को हॉलीवुड इंडस्ट्री में स्थापित किया है। टूर अचानक कैंसिल हो जाने पर जेनिफर के फैंस उनसे नाराज हैं। हॉलीवुड एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं।



जेम्स कैमरून को तगड़ा झटका...

लंदन। जेम्स कैमरून और अन्य बड़े नामों द्वारा समर्थित 950 मिलियन डॉलर के यूके फिल्म स्टूडियो को योजना की अनुमति से इनकार कर दिया गया है। बकिंघमशायर काउंसिल ने अपने योजना अधिकारियों की एक सिफारिश का समर्थन किया कि मार्लो फिल्म स्टूडियो की योजनाओं को अस्वीकार कर दिया जाए। अभियान समूहों ने पहले तर्क दिया था कि मार्लो खदान क्षेत्र की योजनाएं अनुपयुक्त थीं और इस क्षेत्र में विकास महीनों से विवादास्पद साबित हुआ है। मार्लो टाउन काउंसिल के नेता ने पहले कहा था कि वह और साथी सदस्य परियोजना के कथित समर्थन के लिए अपमानजनक दुर्व्यवहार प्राप्त करने के बाद कानूनी सलाह ले रहे थे।

अर्जुन कपूर से नहीं हुआ ब्रेकअप...

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और एक्टर अर्जुन कपूर शुक्रवारतब चर्चा में आए जब दोनों के ब्रेकअप की खबर सामने आई। मलाइका और अर्जुन बहुत लंबे वक्त से एक हेल्दी रिलेशनशिप में हैं। हालांकि, ब्रेकअप की खबरों पर कपल की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई थी। अब एक्ट्रेस मलाइका की मैनेजर ने इन खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि यह सब अफवाह है। बता दें, शुक्रवार को पिंकविला ने एक रिपोर्ट छापी थी कि अर्जुन और मलाइका दोनों का ब्रेकअप हो गया है। दोनों ने सालों बाद अपनी-अपनी राहें अलग कर ली हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि कपल को इस इमोशनल टाइम से डील करने के लिए स्पेस दिया जाए। कल खबर आई थी कि मलाइका और अर्जुन के बीच बेहद स्पेशल रिलेशनशिप था और दोनों एक दूसरे के दिल में एक खास जगह बनाए रखेंगे।



सोनू की फतेह में हुई नसीरुद्दीन की एंट्री

नई दिल्ली। फिल्म फतेह को लेकर काफी समय से एक्टर सोनू सूद का नाम लाइमलाइट में बना हुआ है। इस फिल्म का धमाकेदार टीजर रिलीज किया जा चुका है, जिसे दर्शकों और क्रिटिक्स ने काफी सराहा है। इस बीच फतेह में हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की एंट्री हो गई है। जिसको लेकर सोनू ने सोशल मीडिया पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। साथ ही उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ काम करने को लेकर अपनी राय रखी हैं। शनिवार को सोनू सूद ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में सोनू और नसीरुद्दीन शाह एक साथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है- नसीर सर आपका तहे दिल से स्वागत है। जिस शख्स की पूरी जिंदगी मैंने सिर्फ और सिर्फ तारीफ की है।

टीवी मसाला

कपिल के साथ फिर जमेगी अली असगर की जोड़ी!

नई दिल्ली। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। शो में कई मशहूर हस्तियां अपने काम और निजी जिंदगी से जुड़े अनुभव साझा करते हुए नजर आती हैं। अब हाल ही में, खबर आ रही है कि अली असगर भी जल्द ही इस शो का हिस्सा बनने वाले हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू में जब अली असगर से पूछा गया कि क्या वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हिस्सा बनने वाले हैं तो इस पर कॉमेडियन ने कहा कि उन्होंने कपिल का 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' नहीं देखा है, क्योंकि वह बहुत यात्रा कर रहे हैं। कुछ फिल्मों पर काम कर रहे हैं और लंबे दौरे पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि यह सबसे अच्छी टीमों में से एक है, इसलिए शो वास्तव में अच्छा होगा। कपिल शर्मा के साथ फिर से जुड़ने के बारे में बात करते हुए अली ने कहा, 'ये तो दर्शकों का प्यार है कि वे हमेशा लिखते रहते हैं कि वे मुझे शो में वापस देखना चाहते हैं। मैं भगवान का और दर्शकों का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मेरा काम पसंद किया। मैं कपिल का भी शुक्रगुजार हूं कि मैं ऐसे शो का हिस्सा था। मुझे भविष्य के बारे में नहीं पता, लेकिन अभी मैं अपने चैट शो 'चड्डी बडी' में व्यस्त हूं। यह दोस्त (बख्तियार ईरानी) मुझे छोड़ता नहीं है।'

समर्थ-ईशा के ब्रेकअप पर टिप्पणी करना रिंकू को पड़ा भारी, भड़कीं अभिनेत्री...

नई दिल्ली। ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल के ब्रेकअप ने उनके प्रशंसकों को हिलाकर रख दिया। टीवी शो उडारियां के सेट पर मिले और प्यार में पड़ने वाले इस जोड़े ने पिछले साल 'बिग बॉस 17 'के घर में अपने रिश्ते की पुष्टि की थी। हालांकि, शो के बाद दोनों अलग हो गए, जिसके बाद समर्थ ने अभिनेत्री के बारे में कुछ चौंकाने वाले खुलासे किए और उन्हें अवसरवादी भी कहा। ईशा और समर्थ के रिश्ते पर रिंकू धवन ने कमेंट किया था, जिसे लेकर अब ईशा मालवीय ने उनकी आलोचना की है। रिंकू धवन ने हाल ही में ईशा-समर्थ के ब्रेकअप के बारे में पूछा गया। अभिनेत्री ने ईशा को चालाक बताया और कहा कि उन्होंने घर में समर्थ से कहा था कि शो के ठीक बाद, ईशा किसी और के साथ दिखाई देंगी। यह ईशा को अच्छा नहीं लगा। अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत में रिंकू को उनकी टिप्पणियों के लिए फटकार लगाई है।



'किस ऑफ द कॉन क्वीन' का ट्रेलर हुआ जारी....

मुंबई। अभिनेता रवि पटेल स्टारर फिल्म 'किस ऑफ द कॉन क्वीन' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर लोगों का उत्साह बढ़ा दिया है। ये फिल्म आरोपी धोखेबाज हरगोबिंद ताहिलरमानी के जीवन से प्रेरित है। रवि पटेल फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे। टॉम वालर के निर्देशन में बनी ये फिल्म आयरिश लेखक और अभिनेता इयोन ओ'ब्रायन और ताहिलरमानी के साथ उनके अनुभवों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इयोन ओ'ब्रायन और पैट्रिक बर्गिन भी इसमें मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टॉम ने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, 'जब इयोन ओ'ब्रायन ने मुझे स्क्रिप्ट भेजी, तो मुझे पता था कि यह मेरी अगली फिल्म होगी। यह शुरू से लेकर अंत तक एक ऐसा पेज-टर्नर था, जो भावनाओं का एक वास्तविक रोलरकोस्टर था।' वालर ने कहा, 'फैक्ट यह है कि इयोन खुद इस कठिन परीक्षा से गुजर चुके थे। उन्होंने इसे और भी अधिक आकर्षक बना दिया और साबित किया कि जीवन वास्तव में कल्पना से भी अधिक अजीब हो सकता है।' अपनी इस नई फिल्म को लेकर टॉम वालर बेहद उत्सुक हैं। ये फिल्म हाई-प्रोफाइल धोखाधड़ी योजना पर बनी है। फिल्म के ट्रेलर बेहद ही दिलचस्प है।

अनंत-राधिका की पार्टी में हॉलीवुड सिंगर कैटी ने बांधा समां, सामने आया वीडियो....

मुंबई। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के दूसरे प्री-वेडिंग फंक्शन में हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी ने शानदार परफॉर्मेंस दी है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। कैटी लग्जरी क्रूज पर अपनी शानदार आवाज से लोगों को मंत्रमुग्ध करती नजर आ रही हैं। मशहूर उद्योगपति मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट 12 जुलाई को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले कपल का दूसरा प्री-वेडिंग फंक्शन सुर्खियों में बना हुआ है। ये कार्यक्रम इटली में जोरों-शोरों के साथ हो रहा है।

अनंत-राधिका की इस क्रूज पार्टी में बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की है। इस कार्यक्रम से पॉप स्टार कैटी पेरी की परफॉर्मेंस की वीडियो सामने आए हैं। कैटी पेरी लग्जरी क्रूज पर अपनी शानदार आवाज से मेहमानों को मंत्रमुग्ध करती हुई नजर आ रही हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की क्रूज पार्टी से कैटी पेरी का वीडियो सामने आया है। उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब छाया हुआ है। लोग बेसब्री से इस कार्यक्रम की तस्वीरों और वीडियोज का इंतजार कर रहे हैं।

फिल्म 'नदिया के पार' बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी

जब निर्देशकों ने दिखाई ग्रामीण कहानियां, सादगी व सरलता से जीता दर्शकों का दिल

मुंबई। बीते कुछ समय से फिल्मों और वेब सीरीज में गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित कहानियों का चलन काफी बढ़ा है। दर्शक भी गांव की सादगी और सरलता भरी कहानियों को पसंद कर रहे हैं। हाल में ही रिलीज हुई फिल्म लापता लेडीज इसका प्रमाण है। इस फिल्म में गांव की मिट्टी से जुड़े किरदार देखने को मिलते हैं, जिनकी सादगी और सरलता दर्शकों के दिल में उतर जाती है। आज हम इस लेख में बात करेंगे उन निर्देशकों की, जिन्होंने अपनी फिल्मों या सीरीज में गांव की खूबसूरती को दिखाया और उन्हें दर्शकों का बहुत प्यार भी मिला।

दीपक कुमार मिश्रा- 'पंचायत'

यह भारतीय ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित एक वेब सीरीज है, जिसका निर्देशन दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। इसकी कहानी उत्तर प्रदेश के फुलेरा गांव में कार्यरत इंजीनियरिंग की पढ़ाई किए एक युवा पर आधारित है, जो बेहतर नौकरी की तलाश में ग्राम पंचायत का सचिव बन कर अपना पदभार संभालता है। इस दौरान वह गांव के बाकी लोगों से मिलता है और फिर कहानी हास्य और भावुक दृश्यों के साथ आगे बढ़ती है। सीरीज के मुख्य कलाकारों में जितेंद्र कुमार, रघुवीर यादव, नीना गुप्ता, चंदन रॉय, फैजल मलिक आदि नजर आए हैं। सीरीज का निर्माण द वायरल फीवर ने किया है। हाल में ही इस सीरीज का तीसरा सीजन पंचायत 3 अमेजन प्राइम वीडियो पर लॉन्च हुआ है।

किरण राव- 'लापता लेडीज'

किरण राव निर्देशित फिल्म ने इस साल काफी चर्चा बटोरी है। यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। फिल्म एक काल्पनिक ग्रामीण गांव की कहानी है, जिसमें गांव का एक युवक अपनी नई दुल्हन से शादी कर ट्रेन से घर वापस जा रहा होता है। ट्रेन में और भी कई दुल्हनें होती है, जिन्होंने अपने चेहरे को घूंघट से ढंक रखा होता है। युवक ट्रेन से उतरते वक्त गलती से दूसरी दुल्हन के साथ उतर जाता है। इसके बाद पूरे फिल्म में दोनों के वापस मिलने की यात्रा को दिखाया गया है। इस दौरान फिल्म ग्रामीण मूल्यों के साथ-साथ वहां की रुढ़िवादी विचारों को भी तोड़ती नजर आती है। फिल्म में रविकिशन के अलावा सभी नवोदित कलाकार नजर आए थे।

एटली - 'जवान'

पिछले साल रिलीज हुई शाहरुख खान की फिल्म जवान एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म का निर्देशन एटली ने किया था। फिल्म साल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी। इस फिल्म में ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को दिखाया गया था। किसानों की आत्महत्या और भ्रष्टाचार को भी प्रमुखता से दिखाया गया था। फिल्म में शाहरुख खान दोहरी भूमिकाओं में नजर आए थे।

श्याम बेनेगल 'वेलकम टू सज्जनपुर'

वेलकम टू सज्जनपुर एक हिंदी भाषा की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित एक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म में 'कर्तम भुगतम' अभिनेता श्रेयस तलपड़े और अमृता राव नजर आए थे। फिल्म का निर्देशन श्याम बेनेगल ने किया था। फिल्म की कहानी एक बेरोजगार ग्रेजुएट युवक की है, जो गांव के अशिक्षित लोगों के लिए पत्र लिखकर अपनी जीविका चलाता है। फिल्म ग्रामीण भारत के जीवन का एक व्यंग्यपूर्ण चित्रण करती है।

गोविंद मुनिस- 'नदिया के पार' : गोविंद मुनिस द्वारा निर्देशित यह फिल्म साल 1982 में रिलीज हुई थी। फिल्म उत्तर प्रदेश के अवधी और पूर्वांचल क्षेत्र की स्थानीय भाषा में बनी है। फिल्म में ग्रामीण संस्कृति और गांव के लोगों की आपसी मेलजोल को दिखाया गया था। मूलतः फिल्म एक प्रेम कहानी थी, जिसे ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति के शानदार मिश्रण के साथ बनाया गया था। फिल्म का निर्माण राजश्री प्रोडक्शन्स ने किया था। इसमें सचिन पिलगांवकर, साधना सिंह, इंद्र ठाकुर आदि कलाकार नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट साबित हुई थी।

शेयर बाजार में 4 साल की तेजी ने बढ़ा दिया एसआईपी कल्चर

एमएफ के असेट में इक्विटी की हिस्सेदारी अप्रैल 2023 में 60 प्रतिशत तक पहुंची

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

आजकल शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जोरों पर है। कभी निवेशकों के करोड़ों रुपये डूब जाते हैं तो अगले ही दिन निवेशक करोड़ों रुपये कमा भी लेते हैं। पिछले चार साल में बाजार की चाल देखें तो बाजार की तेजी ने निवेशकों में एसआईपी कल्चर को बढ़ा दिया है। अब लोग म्यूचुअल फंड में जमकर निवेश कर रहे हैं। इसके लिए वे एसआईपी का सहारा ले रहे हैं। इसके कारण स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेशकों की संख्या बढ़ी है। कोविड के कारण लागू किए गए लॉकडाउन के चलते लाखों आम लोग दफ्तर जाने से बच गए। इस दौरान वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ा। इसके साथ ही इसी दौरान सीधे स्टॉक मार्केट, म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले लोगों की संख्या में बड़ी तेजी से इजाफा हुआ। ऐसे में भारत में हाउसहोल्ड सेविंग का इस्तेमाल कैसे किया जाता है, इसमें एक बड़ा बदलाव देखने को मिला।

शेयरों में निवेश बढ़िया विकल्प

आम लोग महंगाई से मुकाबला करने के लिए शेयरों में निवेश को सबसे अच्छा विकल्प मानने लगे। फ्रैंकलिन टेम्पलटन के आंकड़ों के मुताबिक, म्यूचुअल फंड के कुल असेट में से इक्विटी की हिस्सेदारी अप्रैल 2023 में 60% तक पहुंच गई। यह दिसंबर 2020 में 39.2% थी। इसी अवधि में म्यूचुअल फंडों की कुल एयूएम 31.02 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 57.26 लाख रुपये करोड़ हो गई।

क्या कहते हैं बाजार के जानकार

बाजार के जानकारों का मानना है कि शेयर बाजार में निवेश करने वालों में अब आम लोगों की हिस्सेदारी बढ़कर 60% से अधिक हो गई है। लोग म्यूचुअल फंड के जरिए इक्विटी में निवेश कर रहे हैं और इसी वजह से शेयर बाजार में निवेश बढ़ रहा है। फाइनेंसियल प्लानर्स का कहना है कि हाल के दिनों में एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) का चलन बढ़ा है। इसका भी इक्विटी में निवेश बढ़ने में बड़ा योगदान है। एसआईपी के जरिए लोग धीरे-धीरे और लगातार शेयरों में निवेश करते हैं, जिससे वे अपने लॉन्ग टर्म गोल को पूरा कर सकें।

इक्विटी में बढ़ रहा लोगों का भरोसा

माना जा रहा है कि एसआईपी का चलन लोगों में बहुत ज्यादा पसंद किया जा रहा है। कई लोग एसआईपी के जरिए अपने इक्विटी में निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। धीरे-धीरे निवेश के माध्यम से वे अपने लॉन्ग टर्म के टारगेट को पूरा कर रहे हैं और अच्छा मुनाफा भी हासिल कर रहे हैं। 2019-20 में एसआईपी के जरिए निवेश 1 लाख करोड़ रुपये था। यह 2023-24 में बढ़कर 1.99 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह इक्विटी में लोगों के भरोसे को बताता है। जानकारों का मानना है कि कुछ लोग अपनी फिजिकल वेल्थ को बेच रहे हैं और उस पैसे का कुछ हिस्सा इक्विटी म्यूचुअल फंडों में निवेश कर रहे हैं। फाइनेंसियल प्लानर्स का कहना है कि डेट म्यूचुअल फंडों से इंडेक्सेशन बेनिफिट हटाने के बाद इसमें निवेश करने का टैक्स लाभ खत्म हो गया है। इस वजह से डेट फंडों में पैसा कम आ रहा है। इसलिए लोग अब इक्विटी की तरफ आकर्षित हो रहे हैं।

अब आम लोग भी जमकर कर रहे हैं निवेश

कोरोना काल में लोगों ने घरों से काम किया

इस दौरान स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेशकों की संख्या बढ़ी

लोगों में ऐसे बढ़ रहा निवेश का आकर्षण

फंड हाउसेज का मानना है कि पिछले चार वर्षों में शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी आई है। इस दौरान कोई बड़ी गिरावट नहीं देखी गई। इसी वजह से लोग शेयर बाजार में निवेश करने के लिए आकर्षित हुए हैं। दिसंबर 2020 से अप्रैल 2024 तक निफ्टी-50 में 72%, निफ्टी मिडकैप-150 में 151% और निफ्टी स्मॉलकैप-250 में 178% की वृद्धि हुई। शेयर बाजार में इतनी तेजी के चलते लोगों की म्यूचुअल फंडों में निवेश करने का रुझान बड़ी तेजी से बढ़ा है। बाजार की चाल ऐसी ही रही तो यह निवेश और बढ़ेगा। लोग महंगाई को मात देने के लिए इक्विटी में निवेश को सबसे बेहतर मानकर चल रहे हैं।

बैंकों में ब्याज दर

बैंक	ब्याज दर
एक्सिस बैंक	5.75%-7.00%
एसबीआई	4.75%-6.50%
एचडीएफसी	4.50%-7.00%
आईसीआईसीआई	4.50%-6.90%
केनरा बैंक	5.50%-6.70%
बैंक ऑफ बड़ौदा	5.50%-6.50%
पीएनबी	4.50%-6.50%
आईडीबीआई	4.50%-4.80%
इंडियन बैंक	3-50%-6.10%
यस बैंक	4.75%-7.00%
डाकघर	6.90%-7.50%
आईडीएफसी	4.50%-7.00%

स्वीप-इन-एफडी, जब जरूरत हो निकालें रुपये व ब्याज भी बढ़िया

स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर किया जाता है, इसमें ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान ही होती है

मनी मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अगर बात निवेश की आती है तो ट्रेडिशनल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) सबसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। एफडी की बात करें तो यह सेविंग्स अकाउंट से अधिक या तकरीबन डबल ब्याज देता है। बैंकों के सेविंग्स अकाउंट पर जहां 3.5 से 4 फीसदी सालाना के हिसाब से ब्याज मिल रहा है, वहीं फिक्स्ड डिपॉजिट पर 7 से 8 फीसदी ब्याज दर है। हालांकि एफडी में एक तय समय के लिए पैसा ब्लॉक हो जाने से तुरंत लिक्विडिटी की सुविधा नहीं मिलती है। इस वजह से बहुत से लोग सेविंग्स अकाउंट में पैसे पड़े रहने देते हैं। लेकिन अगर आप लिक्विडिटी के साथ हाई इंटरेस्ट रेट चाहते हैं तो आपके लिए स्वीप इन एफडी बेहद काम आ सकती है। स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसमें एफडी के बराबर ब्याज मिलता है।

लक्ष्य तक पहुंचाने में करेगी मदद

एफडी की स्वीप-इन सुविधा निवेशक को बैंक खाते में अतिरिक्त धनराशि को एफडी अकाउंट में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। कहने का मतलब है कि स्वीप-इन-एफडी एक ऑटो-स्वीप सर्विस होती है। इसके तहत आपके सेविंग्स अकाउंट में जो भी एक्स्ट्रा पैसे होते हैं, उन्हें एफडी में ट्रांसफर कर दिया जाता है। यानी यह एक प्रकार का फिक्स्ड डिपॉजिट है जो निवेशकों को अपने बचत खाते से अतिरिक्त धनराशि को आटोमैटिक रूप से एफडी खाते में ट्रांसफर करने की अनुमति देता है। इसमें जहां एफडी के बराबर ब्याज मिलता है, वहीं इमरजेंसी में भी तुरंत आप अपने फंड तक पहुंच सकते हैं।

पैसे निकालने का नियम

आम तौर पर स्वीप-इन एफडी अपनी मैच्योरिटी से पहले स्वीप-इन एफडी से पैसा निकालते समय लास्ट इन फर्स्ट आउट (एलआईएफओ) मेथड का उपयोग करते हैं। मतलब है कि अगर बचत खाते में बैलेंस चेक या एसआईपी के भुगतान के लिए जरूरी धनराशि से कम है, तो एलआईएफओ मेथड से स्वीप-इन एफडी से राशि निकाल ली जाती है। यानी स्वीप-इन एफडी आकर्षक ब्याज दर के साथ हाई लेवल की लिक्विडिटी प्रदान करता है। अगर आप अक्सर पैसा निकालते हैं, तो निकाली गई राशि पर उतना ही ब्याज मिलेगा, जितने दिन वह निवेश रहा है। इसके माध्यम से एफडी में निवेश की गई राशि को पूरी एफडी तोड़े बिना निकाला जा सकता है।

तय करनी होती है लिमिट

स्वीप-इन-एफडी के लिए आपको पहले अपने अकाउंट के लिए एक थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करनी होगी। इस लिमिट से ज्यादा पैसे एक्स्ट्रा पैसे माने जाएंगे। वैसे तो बैंक ही स्वीप थ्रेसहोल्ड लिमिट तय करना है, लेकिन अकाउंट होल्डर को जरूरत के हिसाब से इसे कस्टमाइज करने का विकल्प भी देता है। यह वह लिमिट होती है, जिससे अधिक पैसे होने पर वह अमाउंट खुद ही एफडी अकाउंट में ट्रांसफर हो जाता है। इस तरह से आपने जो लिमिट तय की है, उसे इमरजेंसी फंड के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं, वहीं एक्स्ट्रा फंड पर आपको एफडी वाला ब्याज मिलने लगेगा।

अवधि और कम से कम निवेश

स्वीप इन एफडी की अवधि 1 साल से 5 साल की होती है। वहीं, बैंक आम तौर पर बचत खाते से स्वीप-इन एफडी में 1 हजार रुपये के मल्टीपल में रकम ट्रांसफर करते हैं। कुछ बैंक निवेशकों के निर्देश के अनुसार 1 रुपये से 1000 रुपये की रेंज में ट्रांसफर की भी अनुमति देते हैं।

कितनी है ब्याज दरः स्वीप-इन एफडी खाते के लिए ब्याज दर किसी भी सामान्य एफडी के समान होती है। यह निवेश की अवधि पर निर्भर करता है। जैसे एफडी में अलग-अलग अवधि के लिए अलग ब्याज दरें होती हैं।

एसआईपी पॉज वह सुविधा है, जिसमें अचानक फ्राइनेंशियल क्राइसिस आ जाए तो आपको एसआईपी बंद करने की बजाए, इसे कुछ दिन रोकने की सुविधा मिल जाती है। कुछ फंड हाउस ने इसे 6 महीने तक बढ़ा दिया है। इससे आपको अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिलेगी और आप पैसों की तंगी होने पर भी आपनी एसआई को चालू रख पाएंगे।

एसआईपी में पॉज सुविधा तंगी में करेगी बड़ी मदद

सुझाव
बिजनेस डेस्क

आज के दौर में लंबी अवधि के लिए निवेश करने का एक प्रभावी तरीका सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) है। एसआईपी लंबी अवधि में दौलत बनाने का वह तरीका है, जहां एक बार में फंड ब्लॉक करने की बजाए हर महीने छोटी-छोटी रकम निवेश करने की सुविधा मिलती है। अगर एसआईपी के जरिए अनुशासित रूप से रेगुलर निवेश किया जाए तो लंबी अवधि में बड़ा कॉर्पस बनाया जा सकता है, लेकिन कुछ मामलों में ऐसा भी हो सकता है कि अचानक से पैसों की तंगी आ जाए। यह कह सकते हैं परिस्थियां अचानक बदल जाएं और एसआईपी करने की रकम का इंतजाम न हो पाए। इन्हीं परिस्थितियों के लिए म्यूचुअल फंड हाउस 'एसआईपी पॉज' की सुविधा देते हैं।

एसआईपी में क्या है 'पॉज' सुविधा

एसआईपी पॉज वह सुविधा है, जिसमें अगर आपके सामने अचानक फ्राइनेंशियल क्राइसिस आ जाए तो आपको एसआईपी बंद करने की बजाए, इसे कुछ दिन रोकने की सुविधा मिल जाती है। पहले यह सुविधा 1 से 3 महीने की थी, लेकिन अब कुछ फंड हाउस ने इसे 6 महीने तक बढ़ा दिया है। अगर आप 6 महीने के लिए एसआईपी 'पॉज' का विकल्प लेते हैं तो 6 महीने बाद एसआईपी की रकम आपके खाते से खुद ही कटने लगेगी। इस पर कोई अतिरिक्त ब्याज नहीं भी देना होगा। यानी आपकी एसआईपी बंद नहीं होगी, लक्ष्य पूरा हासिल करने के लिए आप इसे 6 महीने एक तरह से और एक्सटेंड कर देते हैं।

कब चुन सकते हैं विकल्प

फाइनेंशियल क्राइसिसः चुनौतीपूर्ण समय के दौरान, जैसे मेडिकल इमरजेंसी, नौकरी छूटना, या अचानक खर्च आने पर एसआईपी पॉज आपको वित्तीय रूप से राहत दे सकती है। इससे जो रकम बच रही है, उसका इस्तेमाल ज्यादा जरूरी मामलों के लिए कर सकते हैं।

करियर में बदलावः कई बार नौकरी में बदलाव करना पड़ता है, या नौकरी से कुछ महीने की रेस्ट लेकर हायर एजुकेशन का प्लान होता है, या कुछ नया बिजनेस शुरू करने का प्लान हो सकता है, जिससे खर्च बढ़ जाता है। इन कंडीशंस में भी एसआईपी पॉज का विकल्प ले सकते हैं।

व्यक्तिगत आवश्यकताएंः शादी विवाह, घर खरीदने या फैमिली से जुड़े अन्य किसी इवेंट पर खर्च बढ़ जाए तो एसआईपी पॉज से कुछ महीने वित्तीय रूप से कुछ राहत जरूर मिल सकती है।

क्या करना होगा

एसआईपी 'पॉज' की सुविधा लेना चाहते हैं तो एसेट मैनेजमेंट कंपनी यानी एएमसी को मेल के जरिए जानकारी दे सकते हैं। कंपनी कितने दिनों की पॉज सुविधा देती है, उसी हिसाब से आपको 'पॉज' करने की रिक्वेस्ट डालनी होगी। यानी अगर कंपनी 1 से 6 महीने के लिए यह सुविधा दे रही है तो आप कम से कम 1 महीने और ज्यादा से ज्यादा 6 महीने के लिए ही एसआईपी पॉज कर सकते हैं। मेल में आपको अपने फोलियो नंबर की जानकारी देनी होगी, जिसके बाद कंपनी आपको यह सुविधा देगी। 'पॉज' पीरियड खत्म होने के बाद एसआईपी जारी हो जाएगा।

निवेश बंद करना समझदारी नहीं

अगर किसी तरह की वित्तीय परेशानी आए और आपको लगता है कि आगे चीजें सुधरेंगी तो एसआईपी बंद नहीं करना चाहिए। इसके बजाए आप एसआईपी पॉज की सुविधा ले सकते हैं। इससे आपके निवेश का लक्ष्य प्रभावित नहीं होता है। इसका एक उदाहरण कोविड 19 का दौर है, जब बहुत से लोगों को फाइनेंशियल क्राइसिस आई थी। उस दौरान जिन्होंने यह सुविधा लेकर बाद में फिर एसआईपी चालू किया, उन्हें जबरदस्त फायदा हुआ था। क्योंकि कोविड 19 के बाद बाजार में रिकवरी शुरू हुई तो यह बहुत लंबी चली।

ऑफर देख ललचाएं नहीं, हो सकता है बड़ा नुकसान

- नो कॉस्ट ईएमआई के चक्कर में न पड़ें, जरूरत हो तो ही खरीदें सामान
- नो-कॉस्ट या जीरो-कॉस्ट ईएमआई के ऑफर बेहद लुभावने दिखते हैं
- ऐसे नो-कॉस्ट ऑफर्स के पीछे भी कई बार बड़ी लागत छिपी होती है

प्लान
बिजनेस डेस्क

बजार में जाएं तो पहले यह तय कर लें कि जो सामान आप खरीदने जा रहे हैं उसकी आपको जरूरत भी है या नहीं, जिस सामान की जरूरत हो उसे ही खरीदें। बाजार में ऑफर्स देखकर मन ललचाएं नहीं। वरना यह लालच आपको भारी पड़ सकता है। कई बार तो आपके आर्थिक संकट को बढ़ा देता है। नो-कॉस्ट ईएमआई या जीरो-कॉस्ट ईएमआई के ऑफर पहली नजर में बेहद लुभावने दिखते हैं। आमतौर पर ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान बैंकों या क्रेडिट कार्ड कंपनियों की तरफ से दिए जाने वाले ऐसे कई ऑफर आपने भी देखे होंगे। कई बार ऑफलाइन शॉपिंग में भी ऐसे ऑफर दिए जाते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि ऐसे ऑफर वाकई में उतने फायदेमंद हों, जितने आप समझ रहे हैं। ऐसा इसलिए कि ऐसे बहुत सारे ऑफर्स असल में पूरी तरह नो-कॉस्ट या जीरो कॉस्ट नहीं होते। सुनने में काफी आकर्षक लगने वाले ऐसे ऑफर्स के पीछे भी लागत छिपी होती है। गहराई से देखने पर पता चलता है कि इन ऑफर्स में भी दरअसल कई तरह की लागतें छिपी होती हैं। इसलिए अगर आप भी ऐसे किसी ऑफर का फायदा उठाकर खरीदारी करने की सोच रहे हैं, तो पहले इस बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें। इसके बाद ही कार्ड से खरीदी करें।

रेगुलर ईएमआई वर्सिज नो-कॉस्ट ईएमआई

जब आप कोई सामान ईएमआई के जरिए खरीदते हैं, तो दरअसल आप एक कर्ज ले रहे होते हैं, जिसे मासिक किस्त के रूप में चुकाना होता है। रेगुलर ईएमआई में इस किस्त का कुछ हिस्सा मूल धन का और बाकी ब्याज का होता है। इसके अलावा आपको शुरुआत में लोन प्रॉसेसिंग फीस भी देनी पड़ सकती है। साथ ही, हर बार ईएमआई का पेमेंट करते समय आपको गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) का भुगतान भी करना होता है। नो-कॉस्ट ईएमआई के मामले में भी आमतौर पर ग्राहक को ईएमआई के साथ ब्याज तो देना पड़ता है, लेकिन विक्रेता या ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल की तरफ से उतनी ही रकम आपको पहले ही डिस्काउंट के तौर पर दे दी जाती है। यानी ग्राहक ईएमआई के साथ जो ब्याज भरता है, उसकी भरपाई डिस्काउंट के तौर पर पहले कर दी जाती है।

नो-कॉस्ट ईएमआई की छिपी हुई लागत

नो-कॉस्ट ईएमआई में ब्याज के बराबर की रकम भले ही डिस्काउंट के तौर पर पहले से मिल जाती है, लेकिन ग्राहकों को बैंकों या फाइनेंसिंग कंपनियों को प्रॉसेसिंग फीस चुकानी पड़ सकती है। साथ ही ईएमआई के साथ जीएसटी का भुगतान भी करना होता है, जो ग्राहकों के नजरिये से एक लागत ही है। जीएसटी की रकम ब्याज के 18% के बराबर होती है। इसके अलावा प्री-क्लोजर फीस, प्री-पेमेंट पेनाल्टी, लेट पेमेंट चार्ज जैसे कई और खर्चे भी जुड़े हो सकते हैं, लेकिन बहुत सारे ग्राहक इन छिपी हुई लागतों पर ध्यान दिए बिना ही खरीदारी कर लेते हैं। इसलिए अगली बार आप जब भी नो-कॉस्ट-ईएमआई स्कीम के जरिए कोई खरीदारी करने के बारे में सोचें, तो इन छिपी हुई लागतों को भी जरूर ध्यान में रखें। इससे आपको निवेश करने में आसानी रहेगी।

जानकारी अगर आप एक नौकरीपेशा महिला हैं तो घर कैसे खरीदें, बनाना होगा प्लान

अधिक से अधिक महिलाएं घर की मालकिन बन रही 60% महिलाएं अब आवास को पसंदीदा निवेश मान रही

खुद का घर वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में सबसे बड़ा कदम

गौरव मोहता
सीएमओ, होमफर्स्ट

घर खरीदना हर किसी का सपना होता है। सभी चाहते हैं कि समय रहते घर खरीद लिया जाए। खुद के घर का मालिक होना जीवन में स्थिरता के साथ-साथ वित्तीय स्वतंत्रता की दिशा में एक बड़ा कदम माना जाता है। इसलिए, वर्तमान युग में, अधिक से अधिक महिलाएं घर की मालकिन बन रही हैं और उन्हें इस पर गर्व है। मूलतः इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। मार्च 2024 में एनारॉक के एक उपभोक्ता सर्वेक्षण के अनुसार, 60 प्रतिशत से अधिक महिलाएं अब आवास को पसंदीदा निवेश परिसंपत्ति वर्ग के रूप में मानती हैं। वर्तमान रुझान यह भी संकेत देते हैं कि कम संख्या के बावजूद, कर्जदार महिलाएं अपने वित्तीय दायित्वों में बहुत नियमित हैं, और अपने दायित्वों को पूरा करने के बारे में अधिक सजग और इमानदार भी हैं। सफल और विश्वसनीय ग्राहकों के इस फैल रहे वर्ग को और बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक वित्तीय संस्थान महिलाओं के लिए विशेष ऑफर पेश कर रहे हैं।

महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण

उच्च ऋण पात्रता : यदि महिलाएं अपने पति या परिवार के किसी अन्य सदस्य के साथ सह-आवेदक के रूप में पंजीकरण कराती हैं तो वे बेहतर एलटीवी (मूल्य पर ऋण) के लिए अर्हता प्राप्त करती हैं। इसलिए, उन्हें बहुत कम डाउन पेमेंट देना पड़ता है और संपत्ति चयन में बहुत लचीले विकल्प उन्हें मिलते हैं।

कम ब्याज दर : महिलाएं अपनी वित्तीय प्रतिबद्धता के बारे में बहुत अनुशासित होती हैं और नियमित रूप से वित्तीय किश्तों का भुगतान करती हैं, यह बात विभिन्न अध्ययनों और बाजार के रुझानों से पता चला है। इसलिए, वित्तीय संस्थानों को उन्हे रियायती दरों पर ऋण देना बहुत सुविधाजनक लगता है।

आयकर लाभ

महिलाएं धारा 80 सी के तहत मूलधन पर 1.5 लाख रुपये तक और ब्याज पर 2 लाख रुपये तक आयकर लाभ का दावा कर सकती हैं। एक शादीशुदा जोड़ा ऋण भुगतान और उसी संयुक्त गृह ऋण पर भुगतान किए गए ब्याज पर कर कटौती प्राप्त कर सकता है।

यदि आप जल्द से जल्द अपने ऋण का भुगतान करने के लिए परेशानी मुक्त तरीके की तलाश कर रहे हैं, तो हम जल्द से जल्द कर्ज से छुटकारा पाने के लिए नीचे बताए गए सही तरीके से आपकी मदद कर रहे हैं।

ऋण का अवधि छोटी रखें

क्या आपने कभी यह कहावत सुनी है कि टाईम इज मनी? यही बात ऋण के लिए भी लागू होती है। यदि आप ऋण के लिए लंबी अवधि चुनते हैं, तो आप अपने बैंक, वित्तीय संस्थान को अधिक ब्याज दे रहे हैं। हालांकि शुरुआत में ईएमआई की राशि बड़ी और परेशान करने वाली लग सकती है, लेकिन जैसे-जैसे आपका नौकरी का अनुभव और आय बढ़ती है, समय के साथ इन अल्पकालिक ऋण किस्तों का भुगतान करना आपके लिए आसान हो जाएगा।

बड़ा अग्रिम भुगतान करें

हम दोहरे लाभ के साथ एक टिप दे रहे हैं। एक बड़ा अग्रिम भुगतान स्वचालित रूप से आपके वित्तीय संस्थान से आवश्यक ऋण राशि को कम कर देता है। यह आपके ऋणदाता को आपकी वित्तीय स्थिति के बारे में विश्वास जताता है और साथ-साथ आश्वस्त भी करता है। यह लाभ कम ब्याज दर शुल्क में तब्दील हो सकता है।

प्रीपेमेंट करते रहें, चाहे कितना भी छोटा हो

भले ही प्रीपेमेंट राशि एक छोटा सा हिस्सा हो, यह आपकी ईएमआई के साथसाथ एक अतिरिक्त राशि के रूप में भुगतान किया जाता है। जैसे ही आप अपनी मासिक ईएमआई का भुगतान करते हैं, प्रीपेड राशि पूरी तरह से आपके मूलधन से काट ली जाती है और इस प्रकार चुकाए जाने वाले ऋण की मूल राशि खुद ब खुद कम हो जाती है। वास्तव में उस कम हुए मूल राशि पर ब्याज लगता है। परिणामस्वरूप आपका ऋण जल्दी समाप्त हो जाता है। कुछ वित्तीय संस्थान, बैंक ऑटो प्रीपे सुविधा भी प्रदान करते हैं। यह एक ऑटो डेबिट सुविधा है और एक बार जब आप इसे हर महीने के लिए सक्रिय कर लेते हैं, तो अपने ऋण को चुकाने के लिए आपके खाते से प्रीपेमेंट के रूप में 1000 रुपये का छोटा भुगतान भी किया जा सकता है। यह छोटी सी रकम आपको लाखों रुपये बचाने में मदद कर सकती है।

आइए गणित को समझें

मान लीजिए कि पूजा नाम की एक महिला 10 प्रतिशत की ब्याज दर पर 20 साल के लिए 10,00,000 रुपये का ऋण लेती है। लोन की ईएमआई की गणना करने का फॉर्मूला $P \times r \times (1+r)n/((1+r)n-1)$ है। इस फॉर्मूले का उपयोग करके, पूजा के लिए ईएमआई की रकम 9,650 रुपये आती है। जब वह पहली ईएमआई कुल 9,650 रुपये का भुगतान करती है, तो उसमें से 1,317 रुपये कुल मूल राशि यानी ऋण की 10,00,000 रुपये से काट लिए जाते हैं और शेष 8,333 रुपये को ब्याज भुगतान के रूप में माना जाता है।

सातवें और अंतिम चरण में भी बंगाल में

भड़की हिंसा

जयनगर में भीड़ ने वीवीपैट व पेपर लूटे और तालाब में फेंके आईएसएफ के कई कार्यकर्ता जख्मी, छोड़ने पड़े आंसू गैस के गोले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण की वोटिंग के दौरान पश्चिम बंगाल से फिर हिंसा और लूटपाट की गई। बंगाल के मुख्य चुनाव आयुक्त ने ट्वीट किया कि आज सुबह 6.40 बजे जयनगर संसदीय क्षेत्र में बेनीमाधवपुर एफपी स्कूल से कुछ रिजर्व ईवीएम और सेक्टर अधिकारी के पेपरों को भीड़ ने लूट लिया। बंगाल सीईओ की तरफ से ट्वीट में कहा गया कि भीड़ ने दो वीवीपैट मशीनों को तालाब में फेंक दिया।

इस मामले में सेक्टर अधिकारी ने एफआईआर दर्ज कराई है और जरूरी कार्रवाई की जा रही है। सेक्टर अधिकारी को नई ईवीएम और पेपर उपलब्ध करा दिए गए हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि स्थानीय गुंडों ने पहले यहां चुनाव आयोग की टीम को घुसने से रोका। इसके बाद विवाद भड़का तो कुछ लोगों ने वीवीपैट उठा ली और इन्हें पास के तालाब में फेंक दिया। हालांकि बाद में मतदान हुआ।

बंगाल सीईओ की तरफ से ट्वीट में कहा गया कि भीड़ ने दो वीवीपैट मशीनों को तालाब में फेंक दिया। इस मामले में सेक्टर अधिकारी ने एफआईआर दर्ज कराई है।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि स्थानीय गुंडों ने पहले यहां चुनाव आयोग की टीम को घुसने से रोका। आईएसएफ और माकपा के समर्थकों में हाथापाई भी हुई।

उत्पातियों ने यहां पर आगजनी भी की, वाहनों में तोड़फोड़ की

भानगर के सतुलिया के पास भी हिंसा

बताया जा रहा है कि बंगाल के जादवपुर में स्थित भानगर के सतुलिया के पास भी हिंसा की घटना दर्ज की गई। यहां इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) और माकपा के समर्थकों के बीच हाथापाई भी हुई। इसमें आईएसएफ के कई कार्यकर्ताओं को चोटें आईं।

पोलिंग बूथ के बाहर भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ नारेबाजी

कोलकाता उत्तर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार तापस रॉय के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। टीएमसी ने आरोप लगाया कि भाजपा बूथ में फर्जी वोटिंग करवा रही है। इस घटना पर तापस ने कहा कि वह इस बारे में कुछ नहीं जानते। बूथ पर पहले ही पोलिंग एजेंट मौजूद हैं।

संदेशखाली में भाजपा समर्थकों की पुलिस से झड़प

बसीरहाट। पश्चिम बंगाल में शनिवार को सातवें चरण के मतदाने के दौरान कुछ जगहों पर हिंसक घटनाएं सामने आई हैं। बसीरहाट लोकसभा के अंतर्गत संदेशखाली इलाके में पुलिस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई है। भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा ने इलाके से बाहर निकलने के बाद धमाखाली में सड़क पर आ गईं। भाजपा की महिला समर्थकों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। जवाब में भाजपा समर्थित ग्रामीणों ने ईंट-पत्थर चलाने शुरू कर दिए। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस छोड़े।

इन दिग्गजों ने डाला वोट

सिक्किम के राज्यपाल ने वोट का महत्व बताया।



जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल इंक लगी अंगुली बता रहे।

भाजपाध्यक्ष नड्डा स्याही लगी अंगुली दिखाते हुए।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी किया मतदान।

मतदान के दौरान दो गुटों के बीच मारपीट

जहानाबाद में दो राउंड फायरिंग के बाद पहुंची पुलिस

जहानाबाद। लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी चरण में मतदान के बीच बिहार की जहानाबाद लोकसभा सीट में हिंसा की खबर है। यहां खाजपुरा गांव में बूथ नंबर 101 पर दो गुटों के बीच मारपीट हुई। बात इतनी बिगड़ गई कि दो फायरिंग भी हुई। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हालात सामान्य किए। बिहार की आठ लोकसभा सीटों पर सातवें चरण में मतदान हो रहे हैं। राज्य में कुल 40 लोकसभा सीटें हैं और यहां एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। 2019 में अधिकतर सीटें भाजपा और जनता दल यूनाइटेड के गठबंधन के पास थीं। जहानाबाद में जेडीयू के चंदेश्वर चंद्रवंशी और सुरेंद्र यादव के बीच मुकाबला है।

बिहार में इन सीटों पर मतदान पूरा

लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान का सातवां और आखिरी चरण पूरा हो गया। यहां पाटलिपुत्र, पटना साहिब, नालंदा, काराकाट, बक्सर, आरा, जहानाबाद और सासाराम में मतदान हुआ। बिहार में सभी सात चरण में मतदान हुआ है। पहले चरण में 4 सीटों पर वोटिंग हुई। इसके बाद दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें चरण में पांच सीटों पर मतदान हुआ। सातवें और आठवें चरण में राज्य की आठ-आठ सीटों पर वोटिंग हुई।

वोटिंग से ठीक पहले वारदात से सनसनी

पंजाब में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता की हत्या

लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब में मतदान हुआ। आखिरी राउंड के तहत राज्य में वोटिंग हुई। उससे ठीक पहले एक बड़ी घटना हो गई। शुक्रवार की रात को आम आदमी पार्टी के एक कार्यकर्ता की अमृतसर के अजनाला में बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आप कार्यकर्ता के अलावा 4 अन्य लोग इस वारदात में घायल भी हुए हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सिब्बल ने फिर पुराना राग अलापा

पोस्टल बैलेट की काउंटिंग में हो सकती है गड़बड़ी

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और वकील कपिल सिब्बल ने पोस्टल बैलेट की काउंटिंग को लेकर नियमों में किए गए बदलाव पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि बदलाव की वजह से वोटों की गिनती में गड़बड़ी करना काफी सरल हो जाएगा। सिब्बल ने सवाल उठाते हुए कहा कि सभी सियासी दलों को मतगणना केंद्र पर जाकर फॉर्म 17 सी को चेक करना चाहिए कि कितने वोट पड़े हैं। इतना ही नहीं, वोटिंग से जुड़े फॉर्म की हर बात पर गौर करना चाहिए।

मतदान शुरू होने से पहले मां का निधन

बेटे बोले- पहले हम वोट डालेंगे इसके बाद करेंगे दाह संस्कार

जहानाबाद। बिहार के जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 151 अंतर्गत देव कुली गांव में एक महिला का निधन हो गया। परिजनों ने पहले मतदान करने का निर्णय लिया। उसके बाद दाह संस्कार करने की बात कही। जिला मुख्यालय से सटे देव कुली गांव निवासी मिथिलेश यादव और मनोज यादव की माता लगभग 80 साल से अधिक उम्र की थीं, उनका निधन हो गया था। निधन के कुछ ही घंटे बाद मतदान शुरू होना था।

हॉट सीट वाराणसी में गर्मी भी नहीं रोक सकी वोटरों का उत्साह, महिलाओं ने जमकर की वोटिंग

वाराणसी। जिले में लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का मतदान शनिवार को हुआ। मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी बूथों पर कतारें थीं। गर्मी की तपिश और लू के बावजूद कई केंद्रों पर महिलाओं ने बूथों पर जोश दिखाकर मतदान किया। अलग-अलग इलाकों में मतदान केंद्रों से बाहर निकलते ही कुछ महिलाओं ने हंसी ठिठोली करते हुए कहा कि जब घर में हमारी मर्जी चलती है तो वोट देने में भी चली है। आखिर हम आधी आबादी जो हैं।

खबर संक्षेप

ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की कमी नहीं

नई दिल्ली। देश में बिजली की अत्यधिक मांग के बावजूद थर्मल पावर प्लांट में कोयले का भंडार 45 मीट्रिक टन से अधिक है। कोयले का भंडार पिछले वर्ष की तुलना में 30 फीसदी ज्यादा है। बिजली की अत्यधिक मांग को पूरा करने के लिए थर्मल पावर प्लांट में पर्याप्त है। 19 दिन की जरूरतों के लिए कोयला का पर्याप्त भंडार है।

राजाजी पार्क में बाघिन ने दिया शावक को जन्म

हरिद्वार। राजाजी टाइगर रिजर्व में चल रहा टाइगर ट्रांसलोकेशन का कार्य सफलता के नए आयाम गढ़ रहा है। पार्क के पश्चिमी छोर में एक बार फिर एक बाघिन नन्हें शावक के साथ नजर आई है। कुछ दिनों पूर्व इसी क्षेत्र में जिम कॉर्बेट से ट्रांसलोकेट की गई एक बाघिन ने 4 शावकों को जन्म दिया था। राजाजी प्रशासन व वन महकमा उत्साहित था।

मोदी मंत्रिमंडल को 5 जून को 'डिनर' देंगी राष्ट्रपति

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के परिणाम 4 जून को आएंगे। 5 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मोदी मंत्रिपरिषद को फेयरवेल डिनर देंगी। इस डिनर का आयोजन राष्ट्रपति भवन में रात 8 बजे किया जाएगा। वर्तमान की 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जूनको समाप्त हो रहा है। अगली सरकार 16 जून से पहले से गठित हो जाएगी। राष्ट्रपति मोदी कैबिनेट को विदाई भोज देंगी।

बैठक के बाद खरगे का दावा

गठबंधन की बनेगी सरकार जीतेंगे 295 से अधिक सीटें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडी गठबंधन की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन को 295 से अधिक सीटें मिलेंगी। बैठक में सपा, माकपा, भाकपा, द्रमुक, झामुमो, आप, राजद, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरद पवार) के नेता शामिल हुए। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, सीएम अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान शामिल थे। ममता बेनर्जी नहीं पहुंचीं।

हम आपको हकीकत बता रहे

खरगे ने कहा कि यह लोगों का सर्वे है। लोगों ने हमारे नेताओं को यह जानकारी दी है। सरकारी सर्वे मौजूद हैं और उनके मीडिया मित्र भी आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। इसलिए हम आपको हकीकत बताना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को फॉर्म 17 सी के बारे में भी निर्देश दिए हैं और कहा है कि जब तक उन्हें चुनाव का प्रमाण पत्र नहीं मिल जाता, तब तक वे मतगणना हॉल से बाहर न निकलें।

दिल्ली के सीएम केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से भी नहीं मिली राहत

अदालत ने तत्काल राहत नहीं दी, फैसला सुरक्षित, अब आज जाना ही होगा तिहाड़

अदालत ने अंतरिम जमानत पर 5 जून तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की मियाद को पूरी हो गई। रविवार को केजरीवाल को तिहाड़ जेल अथॉरिटी के सामने सरेंडर करना ही होगा।

उन्होंने अंतरिम जमानत के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका डाल रखी थी, लेकिन कोर्ट से उन्हें तत्काल राहत नहीं मिली है। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी 'सेहत को लेकर झूठे बयान' दिए और 'तथ्यों को दबाया'। अदालत ने अंतरिम जमानत पर 5 जून तक के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया है। इसका मतलब है कि 2 जून को केजरीवाल को सरेंडर करना ही होगा।

'सेहत को लेकर झूठे बयान' दिए और 'तथ्यों को दबाया' : ईडी

केजरीवाल पर तथ्यों को दबाने और झूठे बयान देने का आरोप लगाते हुए ईडी ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया। केजरीवाल ने स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत की मांग की है। ईडी ने कहा कि केजरीवाल तमाम राज्यों में चुनाव प्रचार करते रहे लेकिन मेडिकल टेस्ट नहीं कराए। अब सरेंडर के टाइम वे मेडिकल ग्राउंड पर अंतरम जमानत मांग रहे हैं। ईडी की तरफ से अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने आरोप लगाया कि केजरीवाल टेस्ट में देरी के जरिए कोर्ट को गुमराह करना चाहते हैं। ईडी ने केजरीवाल पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कोर्ट में दावा किया कि उनका वजन 1 किलोग्राम बढ़ा हुआ है लेकिन वह झूठा दावा कर रहे हैं कि उनका वजन 7 किलो घट गया है।

वजन कम होने की बात झूठी, 1 घंटे में हो जाता टेस्ट

वह न तो बीमार है और न ही उसे किसी विशेष देखभाल की जरूरत है। उनका यह तर्क कि उनका वजन 7 किलो कम हो गया है, गलत है। वह अपना परीक्षण करा सकते थे। जब वे जेल से बाहर आए तो उनके अनुसार उनका वजन कम हो गया था जो कि झूठ है। जांच में दो घंटे का समय लगता है। उसका परीक्षण कराया जाना चाहिए था।

फिर वे क्यों राहत की कोशिश कर रहे...

केजरीवाल पर कोर्ट को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए ईडी ने कहा, केजरीवाल ने बोल रहे हैं कि 2 जून को सरेंडर करेंगे। लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे यहां से राहत पाने की भी कोशिश करेंगे। वेअपनी मर्जी से सरेंडर नहीं कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस से सभी को गुमराह किया।

दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने बदली करवट

गुरुग्राम में आंधी के साथ बारिश, कई जगहों में अंधेरा

कई स्थानों पर बूंदाबांदी की भी खबर, चुभती-जलती गर्मी से मिली राहत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में शनिवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश की बूंदों से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। पश्चिमी दिल्ली में धूल भरी आंधी चलने से दिन में ही अंधेरा छा गया। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी देखने को मिली। दिल्ली से सटे गुरुग्राम में कई हिस्सों में मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में इसका अंदेशा जताया था।

मानसूनी गतिविधियां बन रहीं

दिल्ली-एनसीआर में मानसून के आगमन से पहले ही बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में मानसून की एंट्री के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती दिखाई दे रही हैं। केरल में मॉनसून का आगमन हो चुका है और जल्द ही यह अन्य राज्यों तक पहुंच सकता है।

आज भी बरसात की संभावना

दिल्ली में रविवार को भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है। तापमान में गिरावट हो सकती है, जिससे लोगों को गर्मी की तपिश से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस पूरे हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 30 से 31 डिग्री के आसपास रहेगा।

पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी के चलते गिरेगा पारा

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से आने वाली नमी के चलते तापमान में दो डिग्री से ज्यादा की गिरावट आ सकती है। मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, दक्षिण अरब सागर के शेष हिस्सों, लक्षद्वीप और केरल, कर्नाटक के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु के कुछ और हिस्सों, बंगाल की खाड़ी के शेष हिस्सों, असम और मेघालय, बंगाल में बारिस की अनुकूलता है।

कांग्रेस ने की प्रेस कांफ्रेंस

भाजपा से किया प्रज्वल को समर्थन नहीं देने का आग्रह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी से कर्नाटक की हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मामले में चुप्पी तोड़ने तथा यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि वे गिरफ्तार सांसद को अब किसी भी तरह का समर्थन न दें। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले में मिली शिकायतों के बाद सांसद

को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस गिरफ्तारी से सैकड़ों पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा। लांबा ने पीएम से चुप्पी तोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि वे 'बेटी बचाओ का नारा' देते रहे लेकिन प्रज्वल पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)